# सामाजिक समाचार

**अ.भा.जां.ब्रा. महासभा शाखा सभा जोबनेर के अध्यक्ष पद पर श्री नाथूलाल कारपेन्टर निर्विरोध निर्वाचित**

14 जुलाई, 2019 को पूर्व निर्धारित अधिसूचनानुसार श्री विश्वकर्मा मन्दिर प्रांगण में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा शाखा सभा जोबनेर के अध्यक्ष पद पर चुनाव सम्पन्न हुए।

प्रदेश सभा राजस्थान के आदेशानुसार महासभा के संविधान की पालना करते हुए शाखा सभा जोबनेर पद पर चुनाव हेतु जिलाध्यक्ष जयपुर ने चुनाव कमेटी नियुक्त की गई। इस कमेटी में श्री गोपाल लाल पाटोदिया मुख्य चुनाव अधिकारी, श्री सत्यनारायण जांगिड चुनाव पर्यवेक्षक व श्री महावीर प्रसाद जांगिड उप चुनाव अधिकारी समय पूर्व श्री विश्वकर्मा मन्दिर जोबनेर में उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम चुनाव अधिकारी ने उपस्थित समाज बन्धुओं के सामने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर एक प्रति श्री विश्वकर्मा मन्दिर जोबनेर के मैन दरवाजे पर चस्पा की और घोषणा की गई कि जो भी महानुभाव अध्यक्ष पद हेतु आवेदन पत्र भरना चाहे वो प्रात: 11 बजे से 1 बजे तक निर्धारित शुल्क के साथ समय पर चुनाव कार्यालय में जमा करवा दें। निर्धारित समय पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। कृपया समय का पूर्ण ध्यान रखें। तद्पश्चात् समय सीमा में एक ही आवेदन पत्र श्री नाथूलाल कारपेन्टर (लावण्डीवाल) पुत्र स्व. श्री हीरालाल वार्ड नं. 4, भूतियों का मोहल्ला, जोबनेर ने प्रस्तुत किया। चुनाव अधिकारी ने आवेदन पत्र की जाँच करने पर आवेदन पत्र सही पाया गया। एक ही आवेदन पत्र होने के कारण मुख्य चुनाव अधिकारी श्री गोपाल लाल पाटोदिया ने श्री नाथूलाल कारपेन्टर को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा शाखा सभा जोबनेर का निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित की घोषणा कर श्री कारपेन्टर को अध्यक्ष पद व गोपनियता की शपथ दिलाकर नियुक्ति पत्र दिया। अध्यक्ष की घोषणा के साथ ही उपस्थित महानुभावों द्वारा नव निर्वाचित अध्यक्ष का भव्य फूल माला व साफा से स्वागत किया गया।

नव निर्वाचित अध्यक्ष के साथ ही चुनावी टीम का भी फूल माला व साफा बंधवाकर स्वागत किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री कारपेन्टर ने उपस्थित सभी समाज बंधुओं का आभार व्यक्त कर अपने उद्बोधन में सभी समाज महानुभावों को साथ लेकर समाज हित में ही कार्य करने का आह्वान किया। पुन: सभी का तहेदिल से आभार धन्यवाद उपस्थित समाज बंधुओं में श्री गोपाल लाल पेडवाल पूर्व अध्यक्ष भंदेबालाजी धर्मशाला, श्री नन्द किशोर हरसोल्या अध्यक्ष जां.ब्रा.वि.स. धर्मशाला भंदे बालाजी, श्री शेष नारायण हरसोल्या पूर्व तह. अध्यक्ष फुलेरा, श्री मदनलाल राजोत्या हिंगोनिया, श्री रूपनारायण जांगिड लोहरवाड़ा, श्री मोहनलाल बूंदवाल श्यामपुरा, श्री मोहनलाल लावण्डीवाल जोबनेर, सीताराम दमण जोबनेर, बजरंगलाल बारू जोबनेर, गोपाल लाल आसल्या सुरसिंगपुरा, सुगनचन्द दहमण जोबनेर, श्री सीताराम हर्षवाल जगमालपुरा, रामेश्वर लाल चरख्या प्रतापपुरा, भवंरलाल चरख्या प्रतापपुरा, श्री मोहनलाल जगमालपुरा, श्री गुलाबचन्द हरसोल्या काजीपुरा, श्री छीतरमल बरवाडिया आसलपुरा, श्री छीतरमल खोवाल आरपुरा, सोहनलाल हरसोल्या, चतुर्भज हरसोल्या त्योद, दीपक जी रेनवाल, श्री देवीलाल धामा, श्री भंवरलाल धामा ढीण्ढा, श्री गिरधारी लाल हर्षवाल जगमालपुरा, श्री भंवरलाल हर्षवाल, श्री जुगल किशोर गोठवाल मननपुरा, अरविंद कुमार जांगिड खण्डेल, श्री कन्हैयालाल जांगिड गुढ बरेसल रहे।

सभी समाज बंधुओं को श्री मन्नालाल जांगिड पूर्व अध्यक्ष शाखा सभा जोबनेर ने सामाजिक कार्यक्रम में उपस्थित रहने पर तहेदिल से आभार व्यक्त किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री कारपेन्टर को पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। सभी समाज बंधुओं को धन्यवाद के साथ ही सभा समापन कर नव निर्वाचित अध्यक्ष को साथ उनके निवास स्थान तक पहुँचाने के बाद ही विसर्जन करे।

**-मन्नालाल जांगिड** (अध्यक्ष)
अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली, शाखा सभा जोबनेर, जयपुर

**तहसील सभा टोंक की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न**

21 जुलाई, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा तहसील सभा टोंक (राज.) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन श्री बाबूलाल जांगिड जिलाध्यक्ष टोंक की अध्यक्षता में किया गया। भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना के बाद मंचासीन अतिथियों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री बाबूलाल जांगिड द्वारा अपने उद्बोधन में कहा समाज में शिक्षा के प्रति महिलाओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। नारी शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा के माध्यम से प्रतिभाओं को आगे लाना होगा। तहसील अध्यक्ष भरनी श्री महेश जांगिड ने भी कहा कि समाज संगठन के कार्यकर्ताओं को विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दिलाने के लिए आगे आना चाहिए ताकि प्रतिभाओं को और आगे ला सकें।

नवीन कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ श्री बाबूलाल जांगिड जिलाध्यक्ष द्वारा दिलवाई गई।

समारोह में तहसील अध्यक्ष भरनी, **संरक्षक** सीताराम, राजेन्द्र, पूरण, जगदीश, राधेश्याम, लादू, **कार्यकारी अध्यक्ष** रमेश जी, शिवजीराम जी, जगदीश जी, **वरिष्ठ उपाध्यक्ष** कमलेश जी, मोहन जी, **उपाध्यक्ष** पप्पू, कपिल, जगदीश, **कोषाध्यक्ष** नवीन, केदार, **महामंत्री** महावीर प्रसाद, **मंत्री** ब्रह्मा, गणपत, रामलाल, गोविन्द, रामप्रसाद, प्रेम सूरज कल्याण, **संगठन मंत्री** रामस्वरूप, राजेश, गोविन्द नारायण, सुरेश, राजेश, **प्रचार मंत्री** मोती, रामअवतार, शंकर, दिनेश, सुरेश, **सलाहकार मंत्री** केदार, रामअवतार, जगदीश, दिनेश, कमलेश, **प्रवक्ता** लक्ष्मीकांत, नरेन्द्र, कुलदीप, सदस्य रामफूल, गोपाल आदि सदस्यों ने शपथ ली।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष श्री भैरूलाल जांगिड टोंक, विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति जिलाध्यक्ष बद्रीलाल जांगिड बिडोली, विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति पीपलू तहसील अध्यक्ष कृष्ण कुमार जांगिड, मालपुरा तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण जांगिड लावा, टोंक तहसील अध्यक्ष श्री महेन्द्र जी, देवली तह. अध्यक्ष राकेश पनवाड़, उनियारा तहसील अध्यक्ष राकेश कुमार, दूनी तहसील अध्यक्ष अशोक कुमार जांगिड, टोडाराय सिंह तहसील अध्यक्ष कमलेश कुमार जांगिड, महासभा तह. अध्यक्ष पीपलू श्री गोपाल जांगिड, तहसील अध्यक्ष श्री नारायण जी बिडोली, दूनी तहसील अध्यक्ष श्री परमेश्वर जी देवड़ाबास, उनियारा तहसील अध्यक्ष श्री रामधन जी, पूर्व युवा जिलाध्यक्ष श्री सियाराम जांगिड कुरथल, अ.भा.जां. कर्मचारी अध्यक्ष राजाराम जांगिड, उनियारा मन्दिर अध्यक्ष श्री रमेश जांगिड, महासभा संरक्षक श्योजीराम जी, महामंत्री जिला टोंक श्री पूरणमल जांगिड आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

-कृष्ण कुमार जांगिड पीपलू

**श्री विश्वकर्मा सुथार समाज सामूहिक विवाह समिति बीकानेर का समाज में रहा विशेष योगदान**

श्री विश्वकर्मा सुथार समाज सामूहिक विवाह समिति शॉप नं. 22, जस्सूसर गेट के बाहर, बीकानेर अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का बखूबी निर्वहन कर रही है। वर्ष पर्यन्त इनके कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं।

प्रत्येक वर्ष देव उठनी एकादशी को समिति द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाता है। अब तक समाज के 71 जोड़े विवाह बंधन में बंध चुके हैं। इन जोड़ों को 15 हजार रुपए का सरकारी अनुदान भी प्राप्त होता है। 8वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 8 नवम्बर, 2019 को बीकानेर में समिति द्वारा किया जाएगा। जिसके प्रणेता श्री किशन लाल बरड़वा, अध्यक्ष श्री हनुमान प्रसाद डोयल, मंत्री श्री शिव प्रकाश डोयल, कोषाध्यक्ष श्री छगनलाल छडिया हैं।

सूत्रधार सरिता पुस्तक का इस सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजनों पर प्रकाशन कराकर समाज को वितरण की जाती है। अब तक 6 सूत्रधार सरिता पुस्तकों का विमोचन हो चुका है, इसमें सभी जानकारियाँ, विज्ञापन, दानदाताओं, जोड़े पंजीयन, समाज सुधार के लेख, समाज की डायरेक्ट्री आदि कई जानकारियां उपलब्ध कराई जाती है। विमोचन के समय समाज के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया जाता है। अब तक समाज के 91 वरिष्ठ नागरिकों का इस कड़ी में सम्मान किया जा चुका है।

समिति द्वारा कर्मावती पेंशन योजना के अन्तर्गत 500 रु. प्रतिमाह पेंशन महिलाओं को प्रदान की जाती है। जो समाज व भामाशाओं के सहयोग से संभव होता है। इस वर्ष भी समिति 19 महिलाओं को पेंशन प्रदान करने जा रही है। यह पेंशन योजना उन महिलाओं के लिए है, जिनके श्रमिक पति का असामयिक निधन हो गया अथवा परित्यकता है, उसके केवल लड़कियां हैं व 18 वर्ष से कम उम्र का लड़का है। परिवार में कोई सहारा नहीं है।

वैवाहिक कार्यक्रम में पूर्ण अनुशासन से ध्यान रखा जाता है। किसी भी प्रकार का अश्लील प्रदर्शन, नाचना, पटाखे छोड़ना, रुपयों का घोल करना, मादक पदार्थों का सेवन पूर्णतया निषेध है।

उपहार स्वरूप समिति द्वारा सोने की अंगूठी, सफारी सूट, साफा व 100 रु. व नारियल वर पक्ष को तथा वधु पक्ष को कान के टॉप्स सोने के, तिनखा सोने का, सोने का लोकेट, चांदी की पायजेब, बिछुड़ी जोड़ी, एक बेस, 21 स्टील के बर्तन, कांसी का कटोरा सहित पलंग, लोहे का बक्सा, लोहे की आलमारी, प्लास्टिक की चार कुर्सियां प्रत्येक जोड़े को भेंट की जाती है।

भविष्य के लिए भी समिति ने समाज का ''विश्वकर्मा भवन'' बीकानेर में हो ऐसी कल्पना की है। जिसके लिए प्रथम चरण में 4-6 बीघा जमीन का खरीदना, द्वितीय चरण में भूमि की चार दीवारी का निर्माण करना, तृतीय चरण में भवन का निर्माण व विकास चरणबद्ध से करना है। यह कार्य समाज के सहयोग के बिना संभव नहीं है। अतः प्रत्येक परिवार का इस भवन के लिए समिति अपेक्षित है।

8वें सामूहिक विवाह के लिए सम्पर्क सूत्र 9821255741, 9928423666, 9414139391

**जिला सभा बीकानेर (राज.) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न**

21 जुलाई, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा बीकानेर की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह जिला संघ, बीकानेर औद्योगिक क्षेत्र, रानी बाजार, बीकानेर में डॉ. केदार नाथ शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली एवं विशिष्ठ अतिथि श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान थे। विशेष अतिथियों में श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री राजेश शर्मा महामंत्री प्रदेश सभा राजस्थान, श्री सुरेश पिलवाल मुख्य चुनाव प्रभारी प्रदेश सभा राज., श्री विद्याधर जांगिड प्रभारी (5 जिला), श्री मोहनलाल जांगिड (लेक्चरर), श्री राजेन्द्र कुमार रोलीवाल, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री गिरधारीलाल जी जिलाध्यक्ष चूरू, श्री मांगेराम जी जिलाध्यक्ष हनुमानगढ़, श्री नन्दलाल खण्डेला प्रभारी प्रदेश सभा आपके द्वार, श्री रविन्द्र कुमार माकड़ जिलाध्यक्ष बीकानेर सभी मंचासीन हुए। श्री कृष्ण बरड़वा (से.नि. रिजनल मैनेजर एसबीआई) अस्वस्थता की वजह से नहीं उपस्थित हुए।

मंचासीन अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन कर सामूहिक आरती हुई।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण, दुपट्टा ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर श्री रविन्द्र कुमार शर्मा (माकड़) एवं पदाधिकारीगण व समाज बंधुओं द्वारा सम्मान किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक एवं सामाजिक योगदान देने वाले गणमान्य समाज बंधुओं का भी माल्यार्पण, दुपट्टा एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। जिनमें श्री गणपत राम जी कुलरिया

(आरएएस से.नि.), श्री किशनलाल जी कुलरिया (से.नि. पीबीएम), श्री सुगनाराम जी कुलरिया, श्री बुधमल जी आसलिया, श्री महावीर जी भिराणिया, श्री पूनमचन्द जी लदौया, श्री रतनलाल जी अड़ीचवाल, श्री नारायण जी बरड़वा, श्री भंवरलाल जी नांगल (से.नि. जेएनवी सेवा संघ), श्री शंकर लाल जी लदरेचा (जेएनवी), श्री कन्हैयालाल जी बरड़वा (योगशिक्षक) श्री चोरूलाल जी, श्री शिवजी कलाकार आदि का सम्मान किया गया।

श्री रविशंकर शर्मा, श्री लखन शर्मा, श्री बी.सी. शर्मा, श्री राजेश शर्मा आदि द्वारा जिला सभा बीकानेर की नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

महामंत्री बजरंग लाल डोयल, वरिष्ठ मंत्री सूरज कुमार माण्डण, मांगीलाल माकड़, श्री कृष्ण बरड़वा, श्री जगदीश जी, मंत्री जेठाराम सुथार, संगठन मंत्री राकेश कुलरिया, बजरंग छड़िया, बाबूलाल कुलरिया, जयलाल भदरेचा, कोषाध्यक्ष राजीव बुढड़, प्रचार मंत्री कमल कुमार नागल, चौरू लाल कुलरिया, विधि सलाहकार राजेश कुमार माण्डण, देव किशन कुलरिया, सलाहकार प्रकाश चन्द धामू, मदन मोहन बरड़वा, विशेष आमंत्रित सदस्य रामेश्वर लाल सुथार, श्याम लाल धामू, संरक्षक सदस्य डॉ. केदारनाथ शर्मा, जगदीश जी माकड़, मोहनलाल जांगिड, शंकर लाल लदरेचा, शिवरतन जी, दुर्गेश्वर जी आदि सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की जिला सभा कार्यकारिणी में शपथ ली।

मंच संचालन श्री बजरंग लाल छड़िया द्वारा किया गया।

श्री नीरज रोलीवाल युवा जिलाध्यक्ष चुरू, श्री दीपक जांगिड युवा जिलाध्यक्ष हनुमानगढ़ का भी सम्मान किया गया।

महासभा प्रधान श्री रविशंकर शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा, राजेश शर्मा महामंत्री, श्री सुरेश पिलवाल मुख्य चुनाव प्रभारी द्वारा श्री रविन्द्र कुमार शर्मा (माकड़) को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर डॉ. नवनीत सुथार एवं डॉ. शशि सुथार, डॉ. जितेन्द्र नागल एवं डॉ. संतोष सुथार, डॉ. अमिताभ सुथार, डॉ. अशोक शर्मा एवं डॉ. मुदित शर्मा, डॉ. ओमप्रकाश सुथार, डॉ. दयाल शर्मा, डॉ. रोहिताश शर्मा एवं डॉ. अनिता शर्मा, डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. राजकुमार सुथार, डॉ. राजेन्द्र शर्मा एवं डॉ. चित्रा जांगिड, डॉ. अशोक कुमार डोयल, डॉ. नेहा सुथार, डॉ. निधि शर्मा, डॉ. शिव कुमार भिरानिया, डॉ. पुनम चन्द सामड़ीवाल, डॉ. दीपक रोहलीवाल, डॉ. हरिकिशन कुलरिया आदि का भी माल्यार्पण, दुपट्टा एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया।

❋ श्री सुरेश पिलवाल द्वारा अपने उद्बोधन में कहा यहाँ महासभा सदस्यों की संख्या कम है हमें अधिक से अधिक महासभा से जोड़ना है। बीकानेर में सभी तहसील सभाओं का गठन कर वहाँ शीघ्र ही शपथ ग्रहण का कार्य हो, जिससे हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके। आपने चुनाव प्रक्रिया की भी जानकारी दी। बीकानेर में जिला सभा द्वारा जनगणना शुरू करवानी चाहिए, जिससे हमें समाज की किस जगह पर है सभी जानकारियां हासिल हो सके। जैसे राजनैतिक क्षेत्र, शिक्षा के क्षेत्र, प्रशासनिक सेवा का क्षेत्र, वैवाहिकी जानकारियां तथा अन्य कई बातों की स्पष्ट रूप से जानकारी मिलती है तथा उसका समाज लाभ उठा सकता है। जिला सभा को रक्तदान शिविर, कुरुति उन्मूलन समिति, विवाद निवारण समिति आदि बनाना चाहिए। हमें संगठित रहकर प्रशासन से भी काम लेना चाहिए, जिसका आपने गुर्जर समाज का उदाहरण देकर समझाया कि वे कैसे एक आवाज़ पर समाज हित के लिए रेल पटरियों पर आ जाते हैं। जाने चली जाती है फिर भी मंसूबे डगमगाते नहीं हैं।

❋ श्री नन्दलाल खण्डेला जी ने नवगठित कार्यकारिणी एवं अध्यक्ष को बधाई दी और कहा हमें समाज हित में कार्य करना चाहिए। 2010 में लगभग 4-5 सदस्य ही यहाँ बने थे, लेकिन वर्तमान में 200-250 सदस्य महासभा के बन गए हैं इसे और आगे बढ़ाना है।

❋ श्री मांगेराम जी ने कहा यहाँ बीकानेर में 7000 जांगिड/सुथार समाज के घर हैं। हमें संगठित होकर रहना है। शिक्षा में अभी हम पिछड़े हुए हैं, हमें इस मुहिम को आगे बढ़ाना है।

❋ श्री राजेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा सर्व प्रथम तो मैं श्री रविन्द्र कुमार जी को धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने प्रदेश सभा भवन के लिए 2 लाख रुपए (एक कमरा निर्माण हेतु) प्रदान किए। जिला सभा की कई स्टेज होती है, तहसील, शाखा सभाएं सभी मिलकर काम करती है तब समाज आगे बढ़ता है, अकेली जिला सभा कुछ नहीं कर पाती। मीटिंग में हमें कभी भी नकारात्मक बात या सोच नहीं रखनी चाहिए। प्रदेश सभा में हम आईएएस, आरएएस आदि को आमंत्रित कर उनसे शेयर करते हैं तथा निष्कर्ष पर पहुँचकर उस स्कीम को अंजाम तक पहुँचाने का प्रयास करते हैं। जिला सभा का चुनाव निर्विरोध हुआ यह भी एक अच्छी बात है। क्योंकि चुनाव प्रक्रिया में कई बार समाज बंट जाता है। इसके लिए मैं सभी समाज बंधुओं को धन्यवाद देता हूँ।

❋ श्री रविशंकर शर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में नवगठित कार्यकारिणी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप सभी इस संस्था की बेहतरी के लिए सोचते हैं। बीकानेर में लगभग 40,000 समाज बंधु हैं। समाज को आगे बढ़ाने के लिए रविन्द्र जी काम करेंगे, आप सभी भी इस कार्य में इनका पूर्ण सहयोग प्रदान करें। आप सभी तन, मन व धन से इनका सहयोग करें। बीकानेर शिक्षा के क्षेत्र में वैसे भी अपनी अच्छी पहचान रखता है। हमें स्कूल व छात्रावास के लिए सरकार से मांग करनी चाहिए तथा कीर्तिमान स्थापित करना चाहिए। हम सभी (जांगिड, सुथार, वंश सुथार, मेवाड़ा सुथार) एक ही हैं। ये तो उपनाम हैं हमें किसी भी प्रकार भ्रमित नहीं होकर एक साथ एक जाजम पर ही रहना है। तहसील सभा एक छोटी ईकाई है पर वह महासभा की रीढ़ की हड्डी है। हमें देश के अन्तिम छोर तक इस मिशन में पहुँचना है।

❋ श्री लखन शर्मा जी ने अपने उद्गार प्रकट करते हुए कहा कि सर्व प्रथम तो मैं विद्याधर जी को धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने 5 जिलों में अच्छी मेहनत की। रविन्द्र जी एवं उनकी कार्यकारिणी को भी बधाई देता हूँ। रविन्द्र जी ने प्रदेश सभा भवन के लिए 2 लाख रु. (एक कमरे के निर्माण

बाबत) राशि दी। सभी को इस बात की चिंता है कि हमारा समाज आगे कैसे बढ़े। हमारी सबकी समाज में जिम्मेदारियाँ हैं। आप जहाँ भी जाएंगे वहाँ हमारा समाज है। हमें समाज को ऊपर उठाने के लिए दृढ़ संकल्पित होना है। हमें बिना किसी स्वार्थ के समाज के लिए कार्य करना है, आप हमको तय करना है। हमें सबसे पहले यह सोचना है और निश्चित करना है कि आम का पौधा लगाना है या अन्य। यदि आम का पौध लगाना है तो उसे नियमित सींचना है। इधर-उधर नहीं जाए तो उसे लकड़ी के सहारे सीधा बांधना है। निश्चित रूप से परिश्रम करने पर फल मिलता है, लेकिन हमें इस फल पर नज़र नहीं रखनी है। हमें केवल निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करना है और समाज को इस पौधे रूपी से विशाल वृक्ष बनाना है तब फल भी अपने आप ही प्राप्त होंगे।

महासभा हमारी माँ है इसको आज 112 वर्ष हो गए हैं। लेकिन हमें अब अपनी गति तेज करनी होगी और उसके लिए ईमानदारी से कार्य करना होगा। हमारे आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा के जगह-जगह मन्दिर हैं, लेकिन इनकी आखिरकार आज क्या दशा है। हमें देखना है प्रोपर्टी, टाईटल, नेर्मिंग, पुजारी किस जाति से है। इस सब बातों पर पहले से ध्यान देना होगा। हमें भगवान विश्वकर्मा जी के नाम से प्रसादी, भण्डारे, सवामणी, भजन नियमित रूप से करने चाहिए ताकि समाज में ही नहीं दूसरे समाजों में इसका मैसेज पहुँचे। जयपुर में विश्वकर्मा कथा हुई, जिसका मैसेज भी दूर-दूर तक देश भर में पहुँचा।

आपने शिक्षा, राजनैतिक क्षेत्र पर भी बल दिया। युवा व महिला संगठन बनाकर इनको भी आगे लाना चाहिए। राज्य सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं हैं उनका समाज के प्रत्येक व्यक्ति व संस्थाओं का इसका लाभ उठाना चाहिए।

आपने बताया प्रदेश सभा राजस्थान द्वारा एक उद्योग मेला जयपुर में लगाया जा रहा है, जिसका लाभ भी समाज एवं उद्योगों का सीधा-सीधा मिलेगा।

बीकानेर में समाज के डॉक्टर्स हैं इनके द्वारा ब्लड डोनेशन, हेल्थ चैकअप आदि कैम्प लगाकर लाभ अर्जित किया जा सकता है।

इस अवसर पर जयपुर से श्री भागीरथमल सिहोड़ी, श्री महेश जांगिड पूर्व अध्यक्ष जांगिड हस्तकला सेवा समिति जयपुर, श्री रामजीलाल जांगिड संगठन मंत्री महासभा, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री नरेन्द्र शर्मा एम.डी. मिल्क प्लांट बिहार, श्री सतपाल जांगिड, श्री चुन्नी लाल नागल, श्री ओमप्रकाश जांगिड, श्री जगदीश माकड़, श्री गोपीराम नागल, श्री प्रहलाद खण्डेलवाल कोषाध्यक्ष हनुमानगढ़, श्री शंकर बुढ़ड़, श्री मांगीलाल माकड़, श्री कन्हैयालाल बरड़वा (अध्यक्ष सा. विवाह सम्मेलन), श्री हरि किशन कुलरिया, श्री मघाराम जी धामू, श्री शंकर जी नांगल, जे.के. धामू, अनत लाल जी मोटयार आदि कई गणमान्य समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

अन्त में अध्यक्ष श्री रविन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सभी आगन्तुक अतिथियों एवं समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया तथा सभी को सहभोज के लिए आमंत्रित किया।

## प्रदेश सभा गुजरात के नवसारी जिले की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

21 जुलाई, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा गुजरात के नवसारी जिले की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह राम जी मन्दिर, बस स्टेण्ड के सामने, नवसारी में सम्पन्न हुआ।

नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार दोसोदिया व कार्यकारिणी को गुजरात प्रदेश अध्यक्ष श्री द्वारका प्रसाद शर्मा वापी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई साथ में महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष व कार्यकारिणी को भी शपथ दिलाई गई। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश प्रभारी श्री मदनलाल शर्मा अहमदाबाद द्वारा की गई तथा समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष श्री द्वारका प्रसाद शर्मा, महासभा उपप्रधान जटा शंकर एच. शर्मा व श्री परमेश्वर लाल जी कार्यकारी अध्यक्ष गुजरात प्रदेश, अतिथि विशेष उद्योगपति श्री राजेन्द्र प्रसाद जी दोसोदिया अहमदाबाद और श्री रामगोपाल शर्मा बलसाड, श्री महेन्द्र जी जांगडा बलसाड, श्री बाल किशान जांगिड बलसाड, सम्मानीय आमंत्रित अतिथि श्री मूलचन्द जी, श्री राधेश्याम जी, श्री गिरधारी जी बलसाड तथा अन्य गणमान्य रहे।

समारोह का प्रारंभ श्री विश्वकर्मा भगवान की आराधना द्वीप प्रज्वलन कर हुआ। सभी मंचासीन अतिथियों ने पूजा-अर्चना की तथा अतिथियों का सम्मान परम्परानुसार शॉल, साफा, पुष्प गुच्छ, हार मालाओं से शानदार स्वागत किया गया।

तत्पश्चात् जिलाध्यक्ष श्री प्रदीप जी दोसोदिया व उनकी कार्यकारिणी तथा महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई तथा सभी अतिथियों द्वारा नवगठित कार्यकारिणी को बधाई प्रेषित की।

सम्बोधन में श्री मदनलाल जी ने संगठन मजबूती पर जोर दिया तथा समाज को प्रगति की राह पर गतिमान रखने के लिए सबको समान समझकर आगे बढ़ने की बात कही।

श्री परमेश्वर जी ने प्रदेश सभा के आने वाले चुनाव में एक जुट होकर सदा की भांति अच्छी कार्यकारिणी को चुनकर लाने की बात कही।

महासभा उपप्रधान श्री जटाशंकर एच. शर्मा ने अपने सम्बोधन में महिलाओं को साथ लाकर समाज की प्रत्येक जानकारी देना तथा प्रत्येक तबके को सहयोग और भागीदारी देना प्रदेश, जिला, ब्लॉक, शाखा सभाओं में महिला प्रकोष्ठ कार्यकारिणी का गठन करना तथा समाज के विकास के लिए साथ मिलकर कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने कहा नारी हर क्षेत्र में आगे आकर कार्य कर रही है पर हम लोग उनको रसोई घर के कार्यों और बच्चों तक ही सीमित रख रहे हैं और घूंघट से अभी भी उनको कैद रखा है, उनको कम से कम समाज के कार्यों में तो साथ लेकर आएं।

अन्त में अध्यक्ष जी ने सभी का आभार व्यक्त किया और सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लिया और श्री अंगिरा जी की जय के साथ ही समारोह का समापन हुआ।

-उप प्रधान जे.एच. शर्मा दमन



**अंगिरा आश्रम समिति अजमेर के श्री सुन्दरलाल धाराणिया सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए**

21 जुलाई, 2019 को अजमेर में अंगिरा आश्रम समिति के चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें सर्व सम्मति से श्री सुन्दरलाल धाराणिया को अध्यक्ष चुना गया। श्री शिव महेश्वर प्रसाद उपाध्यक्ष, सर्व श्री बाबूलाल शर्मा, जीवराज सीदड़, महेश पेडवाल, घनश्याम लदौया, ललित हर्षवाल, शालु शर्मा, अन्नु शर्मा महिला प्रतिनिधि, विष्णुदत्त, दिनेश दोसोदिया सदस्य चुने गए।

**जिला सभा खेड़ा (गुजरात) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न**

19 जुलाई, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा गुजरात के खेड़ा जिले की नवगठित कार्यकारिणी का डाकोर में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष श्री भैंरू जी जांगिड डाकोर व उनकी नवगठित कार्यकारिणी को गुजरात प्रदेशाध्यक्ष श्री द्वारका प्रसाद जी वापी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ बाबा श्री श्री 1008 श्री नारायण दास जी आश्रम डाकोर में दिलवाई गई। मुख्य अतिथि श्री श्री गुरुदेव श्री रामरिछपाल जी महाराज त्रिवेणी धाम व श्री मदनलाल जी प्रदेश प्रभारी गुजरात, उपप्रधान महासभा जटाशंकर एच. शर्मा, पूर्व अध्यक्ष श्री महावीर जी शर्मा तथा सम्मानीय अतिथियों में श्री मक्खन लाल जी उपप्रधान, श्री सागरमल जी उपप्रधान, आमंत्रित अतिथि श्री कमलेश जी शर्मा, श्री ग्यारसी लाल जी अहमदाबाद, श्री भीमराज जी बड़ौदा, श्री बाल किशान जी उमरगाँव, श्री रामस्वरूप जी अहमदाबाद, श्री ताराचन्द जी आणन्द, श्री कैलाश जी ढबाण एडवोकेट, श्री बाबूलाल जी कठलाल, श्री रमेश जी बायड, श्री कैलाश जी हिम्मत नगर, श्री जददीश जी डेमाई, श्री द्वारका जी सर्टिबा व अन्य सभी गणमान्यजनों ने सर्व प्रथम द्वीप प्रज्वलित किया तथा सभी अतिथियों को मंचासीन करवाने के पश्चात् शॉल, साफा और मालाओं से स्वागत किया गया।

प्रभारी मदनलाल जी ने समाज को एकजुट करने पर बल दिया और गुजरात में आने वाले समय में होने वाले कायक्रमों पर प्रकाश डाला।

उप प्रधान जे.एच. शर्मा ने महिला शक्ति को आगे लाकर समाज में सहभागिता निभाने तथा शिक्षा पर बल दिया। बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाकर शिक्षित एवं सुसंस्कारवान बनाने पर जोर दिया। जिसका समाज में अमल हुआ और जिसके फलस्वरूप महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमति मोनिका जांगिड को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। मोनिका जी शीघ्र ही अपनी कार्यकारिणी का गठन करेगी।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष श्री राजेन्द्र शर्मा ढबाण का भव्य विदाई स्वागत सभी ने मिलकर किया और उनको प्रदेश कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर प्रदेशाध्यक्ष श्री द्वारका प्रसाद जी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। श्री राजेन्द्र जी ने सभी अतिथियों एवं बाहर से पधारे समाज बंधुओं का आभार प्रकट किया तथा सभी ने सहभोज का भरपूर आनन्द लिया और समारोह सम्पन्न हुआ।

–उप प्रधान जे.एच. शर्मा दमन

**श्री चेनाराम जांगिड कारपेंटर एसोसिएशन विकास समिति विधान सभा क्षेत्र झोटवाड़ा के अध्यक्ष चुने गए**

कारपेन्टर एसोसिएशन विकास समिति के विधान सभा क्षेत्र झोटवाड़ा के अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। समय सीमा अवधि में मात्र एक ही नामांकन श्री चेनाराम जांगिड का भरा गया। अत: चुनाव अधिकारी चांदमल जी, गोपाल जी, महेश जी द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों के समक्ष श्री चेनाराम जांगिड को विधान सभा क्षेत्र झोटवाड़ा का अध्यक्ष घोषित किया गया तथा नवनिर्वाचित अध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।



**कृष्ण कुमार जांगिड भाजपा पीपलू तहसील मण्डल के संयोजक बने**

भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व सदस्यता अभियान किसान मोर्चा टोंक के जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री श्री धर्मवीर जांगिड के अनुसार केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री कैलाश चौधरी व जिला अध्यक्ष श्री प्रधान काबरा के निर्देशानुसार जिले के सभी तहसील मण्डलों में संयोजक व सहसंयोजक की घोषणा की गई, जिसमें श्री कृष्ण कुमार जांगिड को तहसील पीपलू (टोंक) मण्डल का संयोजक बनाया गया। मण्डलों में सदस्यता अभियान 21 जुलाई से 28 जुलाई तक चलाया गया। श्री धर्मवीर जांगिड ने सर्वव्यापी भाजपा को राष्ट्रहित के लिए लोगों को अधिक से अधिक संख्या में भाजपा परिवार में जोड़ने के लक्ष्य के उद्देश्य से ही यह पीपलू तहसील मण्डल का संयोजक श्री कृष्ण कुमार को बनाया।

**बाल किशन जांगिड मैकेनिक एवं ऑटो पार्ट्स विक्रेता संघ के अध्यक्ष मनोनीत**

16 जुलाई, 2019 को खेड़ापति बालाजी धाम (माधोराजपुरा) धर्मशाला में रैनवाल क्षेत्र के मैकेनिक व ऑटोपार्ट्स विक्रेता संघ की बैठक श्री रामेश्वर प्रसाद प्रजापत की अध्यक्षता में हुई, जिसमें संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से श्री बालकिशन जांगिड माधोराजपुरा को अध्यक्ष चुना गया तथा उपाध्यक्ष, सहउपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सहायक कोषाध्यक्ष, मंत्री, संगठन मंत्रियों का भी मनोनयन हुआ।

**सवाईराम सुथार ने नागाणाराय गौशाला (देचू) में 2 लाख 11 हजार का चेक भेंट किया**

सवाईराम सुथार सुपुत्र श्री भियांराम सुथार गो भक्त द्वारा गुरु पूर्णिमा पर नागाणाराय गोशाला पहुँचकर गायों के चारे–पानी की व्यवस्था के लिए 2 लाख 11 हजार रुपए का चेक गौशाला समिति को प्रदान किया। देचू निवासी सवाईराम सुथार का बैंग्लुरु में फर्नीचर का व्यवसाय है।

**गुरु पूर्णिमा पर सालम धोराधाम गंगाशहर, बीकानेर के विकास के लिए कुलरिया परिवार ने 63 लाख रुपए की राशि के चेक भेंट किए**

सालम धोराधाम गंगाशहर, बीकानेर में गुरुपूर्णिमा पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने स्वामी सालमनाथ व शिव मुन्नीनाथ महाराज की समाधियों का पूजन कर खुशहाली की कामनाएं की। इस दौरान महंत फक्कड़नाथ जी महाराज की चरण वन्दना की गई। नोखा तहसील, सीलवा, मूलवास आदि गाँवों से श्रद्धालु पहुँचे।

इस अवसर पर गो सेवी संत पदमाराम कुलरिया, श्री उगमाराम कुलरिया, श्री देव किशन कुलरिया एवं श्री मघाराम कुलरिया, संत दुलाराम कुलरिया के पुत्र नरसी कुलरिया व श्री पूनम कुलरिया, संत पदमाराम कुलरिया के पुत्र धर्म कुलरिया, दीपक कुलरिया आदि ने स्वामी सालमनाथ व शिव मुन्नीनाथ की समाधि पर पूजा–अर्चना की। कुलरिया परिवार की ओर से श्रद्धालुओं को महा प्रसाद परोसा गया।

कुलरिया परिवार द्वारा सालम धोरा विकास के लिए 63 लाख रुपए की राशि स्वामी सालम नाथ महाराज व स्वामी शिव मुन्नीनाथ के समाधि स्थल पर विकास कार्यों के लिए प्रदान की। जिसमें 21 लाख रुपए का चेक संत पदमाराम कुलरिया, 21 लाख रुपए का चेक श्री नरसी कुलरिया व पूनम कुलरिया तथा 21 लाख का चेक अशोक कुलरिया द्वारा महंत फक्कड़नाथ महाराज को सोंपे। इस अवसर पर पंकज कुलरिया, दामोदर नोखा, भगवानराम चुयल, राज जांगिड, गुड्डूदास वैष्णव आदि भी उपस्थित थे। नरसी, भंवर व पूनम कुलरिया अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए सामाजिक सरोकार के कार्यों में सदैव योगदान देते रहते हैं। वहीं पब्लिक पार्क स्थित अगरटन टैंक पार्क के जीर्णोद्धार के लिए भी कुलरिया परिवार ने पांच लाख रुपए चेक भेंट किए। नरसी कुलरिया ने पार्क का निरीक्षण किया।

**तहसील सभा नावा (नागौर) का भव्य शपथ ग्रहण एवं स्मारिका विमोचन समारोह चितावा (नागौर) में सम्पन्न**

28 जुलाई, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा तहसील सभा नावां (नागौर) की नवगठित कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण एवं स्मारिका विमोचन समारोह श्री विश्वकर्मा मन्दिर चितावा, जिला नागौर (राज.) में श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान महासभा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया। समारोह की अध्यक्षता श्री तुलसीराम कुलरिया जी द्वारा की गई। समारोह के विशिष्ठ अतिथि श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री बंकट लाल जांगिड महामंत्री जिला सभा नागौर (सहायक राजस्व लेखाधिकारी कलेक्ट्रेट नागौर), श्री भंवर लाल मीषण अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा मन्दिर चितावा, श्री परसाराम जी चुनाव प्रभारी नागौर, श्री जय प्रकाश जी आर.ए.एस. आदि। सभी अतिथियों को मंचासीन करवाया गया। भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा–अर्चना, द्वीप प्रज्वलन के साथ ही सामूहिक आरती हुई।

मंचसीन अतिथियों का श्री प्रहलादराम जी भिराणिया एडवोकेट एवं उनकी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण, दुपट्टा ओढाकर सम्मानित किया गया।

सर्व प्रथम पूर्व तहसील अध्यक्ष नावा श्री हरिराम आसलिया, श्री रामेश्वर लाल जी आमेरिया, श्री प्रहलाद जी भिराणिया एडवोकेट, श्री मोहन लाल जी सीलक, श्री राधेश्याम जी पाटोदिया सभी की कड़ी मेहनत से नावा तहसील की जनगणना कर पारिवारिक परिचय के साथ स्मारिका तैयार की गई, जिसका विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। जिसमें परिवारों की जानकारी के साथ–साथ ज्ञान वर्धक लेख, प्रबुद्ध व्यक्तियों के शुभ कामना संदेश, बसों व रेलवे की समय सारिणी, भगवान विश्वकर्मा जी पर प्रकाश डालते हुए कड़ी मेहनत के साथ तैयार की जो समाज के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। श्री हरिराम आसलिया, श्री रामेश्वर जी एवं श्री प्रहलाद जी ने दिन रात मेहनत कर गाँव–गाँव घूमकर सभी पारिवारिक जानकारियां एवं विज्ञापनदाताओं से विज्ञापन लेकर एक अनुकरणीयस पहल की है।

इसके उपरान्त तहसील सभा नावां की नवगठित कार्यकारिणी को महासभा प्रधान एवं प्रदेशाध्यक्ष द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। कार्यकारिणी इस प्रकार से है:–

**अध्यक्ष :** प्रहलादराम जांगिड टोडास (एडवोकेट), **वरिष्ठ उपाध्यक्ष :** श्री मूलचन्द लूणवा, **उपाध्यक्ष :** श्री खांगाराम जी जाब्दी नगर एवं श्री पदमाराम जी मीषण मोतीपुरा, **महामंत्री :** श्री लक्ष्मीनारायण जी लाम्बा, **उपमंत्री :** श्री कैलाश चन्द घाटवा, **कोषाध्यक्ष :** श्री गोपाल राम जी रघुनाथपुरा, **उपकोषाध्यक्ष :** श्री नारायण लाल जी मारोठ, **प्रचार मंत्री :** श्री अमृतलाल सीलक नावां एवं श्री विनोद कुमार पांचोता, **संगठन मंत्री :** श्री मोहनलाल कासेड़ा, श्री राकेश जी हुडील, श्री विनोद जी पाटोदिया एवं श्री रामेश्वर जी कांटिया। **कार्यकारिणी सदस्य :** श्री मूलचन्द दम्भीवाल इण्डाली, श्री पुखराज मीठड़ी, श्री महेन्द्र कुमार दूरनिया, श्री राजूराम जी डारा का बास, श्री छोटूराम जी लालास, श्री बजरंग लाल जी भूणी, श्री संतोष कुमार जी दलेलपुरा, श्री महावीर प्रसाद भावंता। **संरक्षकगण :** श्री बी.आर. भिराणिया राजलिया, श्री नोपाराम जी बरवाड़िया काट्या, श्री भंवरलाल जी मीषण, श्री मोहनलाल बावड़ी, श्री रामेश्वर लाल चौसला, श्री हरिराम आसलिया नावां आदि।

इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में गरीब परिवारों से दो बच्चों को अच्छा प्रदर्शन करने पर उनको प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। जिसमें सुभाष जांगिड सुपुत्र स्व. श्री प्रहलाद राम जी एवं श्रीमती मीनू देवी को 8वीं कक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने पर 11000/–रु. का चेक भेंट किया। वहीं शैलेन्द्र जांगिड सुपुत्र स्व. श्री विनोद कुमार एवं श्रीमती भंवरी देवी को भी 12वीं कक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने पर 11000/–रु. का चेक अतिथियों के माध्यम से दिया गया। तहसील सभा नावां में शिक्षा सहयोग एवं आर्थिक कोष की स्थापना की गई, जिसमें भामाशाओं से सहयोग लेकर जिन बच्चों के पिता का साया उठ गया है तथा आकस्मिक निधन हो जाता है और गरीब परिवार से है उनको मदद दी जाती है।

मंच संचालन श्री सुशील कुमार जी एवं श्री राजेश जी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा उद्बोधन हुआ जिसमें सभी ने तहसील अध्यक्ष श्री प्रहलादराम जी (एडवोकेट) नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी को भव्य समारोह के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की तथा पूर्व तहसील अध्यक्ष श्री हरिराम आसलिया जी को एवं सहयोगियों को इतनी लगन व मेहनत से तैयार कर तहसील सभा नावां की जनगणना कर स्मारिका तैयार करने पर भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा महासभा से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने का आह्वान किया। राजनीति में भी आगे आने की बात कही। हम यह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन क्यों करते हैं इस पर प्रकाश डाला, समाज को किस प्रकार आगे लाएं। आज जिसकी हम बात कर रहे हैं वो भविष्य में कल होगा। समाज की दशा व दिशा किस प्रकार बदले इस पर भी अपने विचार रखे। सामूहिक सम्मेलनों पर भी प्रकाश डाला। सामाजिक कार्यों के लिए हमें तन-मन-धन से इच्छा शक्ति के अनुसार अपना सहयोग देना चाहिए तथा शिक्षा पर भी जोर दिया एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने पर विचार रखे।

इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धगणों से श्री राहुल शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) श्री कैलाश जी आलीसर मंत्री प्रदेश सभा, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री राधेश्याम सीलक कि. रेनवाल उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री गोपाल जी पेड़वाल उपाध्यक्ष प्रदेश सभा भंदे बालाजी, श्री भंवरलाल जी अडिचवाल उपप्रधान महासभा, श्री कल्याणमल जी तह. अध्यक्ष कि. रेनवाल, श्री पुरुषोत्तम जी मन्दिर अध्यक्ष कि. रेनवाल, श्री रामनिवास जी, श्री नेमीचन्द जी, श्री ओमप्रकाश जी आदि मकराना से, श्री अमरचन्द जी तह. अध्यक्ष मकराना, श्री रामेश्वर लाल जी तह. अध्यक्ष परबतसर, श्री फूलचन्द जी परबतसर, श्री रामेश्वर जी तह. अध्यक्ष दांता, श्री रामकुमार जी मन्दिर अध्यक्ष लोसल, श्री कन्हैयालाल जी, श्री सीताराम जी उपाध्यक्ष जिला सभा सीकर, श्री कृष्ण शर्मा जिलाध्यक्ष, सीताराम जी मण्डावरा उपाध्यक्ष सीकर, श्री नेमीचन्द जी मन्दिर अध्यक्ष कुचामन, श्री भंवरलाल जी कुचामन (एटीओ), श्री रामेश्वर जी पांचोता उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री अर्जुन लाल मंत्री महासभा, पूर्व जिलाध्यक्ष नागौर श्री गिरधारी लाल जी, किस्तुरचन्द जी मन्दिर अध्यक्ष मारोठ, रामगोपाल जी भावंता मन्दिर अध्यक्ष, श्री छगनलाल जी पूर्व अध्यक्ष बंधे बालाजी, जितेन्द्र जी जांगिड कुचामन, छीतरमल आसलिया नाँवा आदि उपस्थित हुए।

अन्त में नवनिर्वाचित तह. अध्यक्ष श्री प्रहलादराम ने तहसील सभा को सभी के सहयोग से आगे ले जाने की बात कही। सभी अतिथियों एवं आगन्तुक महानुभावों का आभार प्रकट किया। हमें तीन वर्ष उद्देश्यों के साथ कार्यकारिणी की जिम्मेदारी को समझते हुए कार्य करना है। चितावा मन्दिर परिसर लगभग 1 बीघा जमीन में है। हमारे यहाँ से हर वर्ष एक बच्चा स्कूल, कॉलेज टॉप करता है। दो सामूहिक सम्मेलन करने के लिए भी आपने कहा तथा सभी को सहभोज के लिए आमंत्रित किया।

**पांचाल महासभा राजस्थान प्रदेश का प्रतिनिधि समारोह जयपुर में सम्पन्न**

14 जुलाई, 2019 को मल्लिका मैरिज गार्डन, अल्पना कॉलोनी, खातीपुरा पुलिया के पास, झोटवाड़ा, जयपुर में पांचाल महासभा राजस्थान प्रदेश का प्रतिनिधि समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री शिवदयाल पांचाल द्वारा की गई। मुख्य अतिथि श्री एम.सी. पांचाल थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री खुशीराम पांचाल रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री एम.सी. पांचाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सम्पूर्ण राजस्थान सदस्यता अभियान को गति प्रदान करे तथा जिला स्तर पर समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने की प्रक्रिया प्रारंभ करे तथा पांचाल समाज को व्यवसाय में हम सब एक-दूसरे की मदद करें। अध्यक्षता कर रहे श्री शिव दयाल पांचाल ने कहा कि गरीब, विधवा, परित्यकता महिलाओं को आजीविका के लिए सिलाई, बुनाई आदि में पांचाल महासभा मदद करेगी। इस समारोह में राज. प्रदेश के सभी जिलों से प्रतिनिधित्व करने प्रतिनिधि पहुँचे।

**अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली द्वारा 6 राज्यों में ''प्रदेशाध्यक्ष'' पद पर चुनावों की घोषणा**

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली के प्रधान श्री रविशंकर जांगिड द्वारा 6 राज्यों में ''प्रदेशाध्यक्ष'' पद पर चुनाव की अधिसूचना निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार है:-

1. गुजरात, सदस्यता की अन्तिम तिथि : 5 अगस्त, 2019, मतदाता सूची जारी करने की तिथि : 10 अगस्त, 2019, नामांकन प्रस्तुति तिथि : 11 अगस्त, 2019, मतदान तिथि : 6 अक्टूबर, 2019
2. कर्नाटक, सदस्यता की अन्तिम तिथि : 5 अगस्त, 2019, मतदाता सूची जारी करने की तिथि : 10 अगस्त, 2019, नामांकन प्रस्तुति तिथि : 8 सितम्बर, 2019, मतदान तिथि : 6 अक्टूबर, 2019
3. छत्तीसगढ़, सदस्यता की अन्तिम तिथि : 5 अगस्त, 2019, मतदाता सूची जारी करने की तिथि : 10 अगस्त, 2019, नामांकन प्रस्तुति तिथि : 25 अगस्त, 2019, मतदान तिथि : 6 अक्टूबर, 2019
4. तमिलनाडु, सदस्यता की अन्तिम तिथि : 5 अगस्त, 2019, मतदाता सूची जारी करने की तिथि : 10 अगस्त, 2019, नामांकन प्रस्तुति तिथि : 9 सितम्बर, 2019, मतदान तिथि : 06 अक्टूबर, 2019
5. हरियाणा, सदस्यता की अन्तिम तिथि : 2 सितम्बर, 2019, मतदाता सूची जारी करने की तिथि : 7 सितम्बर, 2019, नामांकन प्रस्तुति तिथि : 15 सितम्बर, 2019, मतदान तिथि : 3 नवम्बर, 2019
6. दिल्ली, सदस्यता की अन्तिम तिथि : 2 सितम्बर, 2019, मतदाता सूची जारी करने की तिथि : 7 सितम्बर, 2019, नामांकन प्रस्तुति तिथि : 3 अक्टूबर, 2019, मतदान तिथि : 3 नवम्बर, 2019

उक्त वर्णित तिथियों के अनुसार विभिन्न प्रदेश सभाओं के लिए ''प्रदेशाध्यक्ष'' पद हेतु नामांकन प्रस्तुति, नामांकन पत्रों की जाँच, प्रत्याशियों की सूची प्रकाशन, नाम वापस लेने एवं प्रत्याशियों की घोषणा (अन्तिम सूची प्रकाशन) के स्थान निम्नानुसार है:-

1. गुजरात : जांगिड ब्राह्मण समाज वाड़ी, उमा शिक्षण संस्थान के सामने, नरोड़ा, अहमदाबाद दिनांक 11 सितम्बर, 2019

2. कर्नाटक : श्री जांगिड समाज ट्रस्ट कर्नाटक, 3233 टैंक, बैंग रोड़, बिन्नी ग्राउण्ड के सामने, बैंगलुरु, दिनांक 8 अगस्त, 2019

3. छत्तीसगढ़ : श्री विश्वकर्मा मन्दिर, मोहबा बाजार, रायपुर, दिनांक 25 अगस्त, 2019

4. तमिलनाडु : श्री विश्वकर्मा मन्दिर, श्री जांगिड ब्राह्मण समाज ट्रस्ट चैन्नई दिनांक 9 सितम्बर, 2019

5. हरियाणा : अ.भा.जां.ब्रा. महासभा कार्यालय, 440, हवेली हैदरकुली, चांदनी चौक, दिल्ली दिनांक 15 सितम्बर, 2019

6. दिल्ली : अ.भा.जां.ब्रा. महासभा कार्यालय 440, हवेली हैदरकुली, चांदनी चौक, दिल्ली दिनांक 3 अक्टूबर, 2019

नामांकन प्रस्तुति प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

नामांकन पत्रों की जाँच दोपहर 2 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक

प्रत्याशियों की सूचि प्रकाशन : मध्याह्न 3 बजे

नाम वापसी लेने का समय : मध्याह्न 3 बजे से सायं 5 बजे तक

प्रत्याशियों की घोषणा : सायं 5.30 बजे (अंतिम सूची प्रकाशन)

नोट : 1. सम्बंधित प्रदेश सभाओं के ''प्रदेशाध्यक्ष'' पद हेतु नामांकन वापसी के दिन केवल एक ही प्रत्याशी शेष रहने पर उसी दिन निर्विरोध ''प्रदेशाध्यक्ष'' पद की घोषणा कर दी जाएगी।

2. यदि आवश्यक हुआ तो चुनाव सम्बंधित प्रदेश सभाओं के लिए प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक विभिन्न प्रदेश सभाओं के अलग-अलग मतदान केन्द्रों पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया से गुप्त मतदान द्वारा सम्पन्न करवाए जाएंगे।

चुनाव अधिकारी मण्डल : प्रवीण शर्मा मो. 9300905141 गुजरात प्रदेश, सीताराम जांगिड (पूर्व जज) मो. 9811793257 कर्नाटक प्रदेश, प्रभुदयाल बरनेला मो. 9826174822 एवं सत्यनारायण शर्मा (नेताजी) मो. 9425056823 छत्तीसगढ़, विद्यासागर जांगिड मो. 9910300480 तमिलनाडु, सुरेन्द्र कुमार वत्स मो. 9818125123 एवं लोकेश शर्मा मो. 9810245837 हरियाणा प्रदेश, कैलाश शर्मा (साली वाले) मो. 9829062211 एवं श्री बसंत गेपाल मो. 9680010591 दिल्ली प्रदेश।



### श्री बाबूलाल जांगिड विधानसभा क्षेत्र विद्याधर नगर के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

25 जुलाई, 2019 को कारपेन्टर एसोसिएशन राजस्थान जिला जयपुर के विधानसभा क्षेत्र विद्याधर नगर के अध्यक्ष के चुनाव की सीमा अवधि में मात्र एक ही नामांकन श्री बाबूलाल जांगिड (जासड़ी वाले) द्वारा भरा गया। इस प्रकार चुनाव अधिकारी श्री विजय कुमार, श्री चांदमल जी, गोपाल जी व बृजकिशोर जी द्वारा नामांकन पत्र की जाँच में सही पाया गया। चुनाव अधिकारियों द्वारा श्री बाबूलाल जांगिड को विद्याधर नगर क्षेत्र के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने की घोषणा की गई तथा उनको पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलवाई गई।

श्री बाबूलाल जांगिड एक कर्मठ एवं ईमानदार, जुझारू समाज सेवी को निर्विरोध अध्यक्ष पद पर चुनकर समाज के सामने एक अनूठा अनुकरणीय उदाहरण संगठन के रूप में किया है। विगत 15 वर्षों से श्री बाबूलाल जी समाज सेवा में अग्रणी रहे हैं। वर्तमान में आप अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली की कार्यकारिणी में संगठन मंत्री के पद पर हैं तथा जांगिड विकास समिति दादी का फाटक जयपुर में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सुशोभित हैं। आपको समाज सेवा में कार्यरत रहने पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी विशेष सम्मान प्रदान किया है। जांगिड विकास समिति दादी का फाटक के सभी सदस्यों की ओर से आपको अध्यक्ष बनने पर बधाई प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

-छगनलाल शर्मा (प्रवक्ता)
जां.विकास समिति दादी का फाटक, जयपुर

### श्री सुथार जांगिड सेवा समिति जोधपुर द्वारा बाबा राम देव जातरूओं के लिए नि:शुल्क भण्डारे का आयोजन

श्री सुथार जांगिड सेवा समिति, जोधपुर द्वारा बाबा राम देव जी मेले में पधारने वाले जातरूओं के लिए नि:शुल्क भोजन, चाय-पानी, मेडिकल की व्यवस्था के साथ विशाल पन्द्रहवां भण्डारा 26 अगस्त, 2019 से 30 अगस्त, 2019 को प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी चम्पावत फिलिंग सेन्टर से पहले, जोधपुर रोड़, पोकरण (जैसलमेर) में आयोजित किया जाएगा।

30 अगस्त, 2019 को अन्तर्राष्ट्रीय भजन कलाकार गजेन्द्र राव एण्ड पार्टी द्वारा सायं 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि श्री मोहनलाल जी जायलवाल (अध्यक्ष माध्यमिक उत्थान मण्डल जोधपुर संभाग) होंगे, अध्यक्षता श्री मेहराम जी पिढवा (अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा चेरिटेबल ट्रस्ट सूरत) द्वारा की जाएगी। विशिष्ठ अतिथियों में श्री एम.डी. शर्मा (आयुषी बिल्डर्स जोधपुर), श्री बाबूलाल जी सलूण (अध्यक्ष विश्वकर्मा मण्डल सूरत), श्री हरसुख राम जी भदरेचा (ए क्लास कॉन्ट्रेक्टर पीएचईडी), श्री बाबूलाल जी सुथार (भजनी) आदि तथा कई आमंत्रित विशेष अतिथि समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। अधिक जानकारी के लिए संयोजक मण्डल से सम्पर्क करें। श्री रामपाल खण्डेलवाल (अध्यक्ष) 9413570090, श्री शिव लाल के. सुथार (सचिव) 9503382353, श्री गंगाराम बरड़वा (कोषाध्यक्ष) 9352357706

### अलायन्स क्लब इण्टरनेशनल द्वारा पाटोदिया परिवार को सर्वोच्च सेवा सम्मान

अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दयाशंकर जांगिड द्वारा श्री सुभाष पाटोदिया व परिवारजनों को नवलगढ़ में की जाने वाली निरन्तर उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सर्वोच्च सेवा सम्मान सर्टिफिकेट व अन्तर्राष्ट्रीय पिन भेंट की। अलायन्स क्लब इन्टरनेशनल द्वारा शेखावाटी यूनिवर्सिटी के टॉपर्स, विशिष्ट जन एवं नवलगढ़ क्षेत्र के टॉपर्स विद्यार्थियों व विभिन्न विद्यालयों के संस्था प्रधानों इत्यादियों को भी समय-समय पर सम्मानित किया गया।



### जिला सभा कोटा (राज.) के श्री गोपाल लाल जांगिड जिलाध्यक्ष पद पर चुने गए

21 जुलाई, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा कोटा के अध्यक्ष पद के चुनाव हुए। जिसमें श्री गोपाल लाल जांगिड कोटा के पद पर चुने गए। श्री जे.पी. शर्मा (जगदीश प्रसाद जांगिड) जयपुर मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा श्री गोपाल जी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

चुनाव में दो प्रत्याशियों ने जिलाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ा, श्री गोपाल लाल जांगिड को 552 मत मिले, जबकि श्री ज्ञान प्रकाश रूड़वाल को 496 मत प्राप्त हुए और 12 मत निरस्त हुए। कुल 1060 वोट डाले गए और इस प्रकार श्री गोपाल जांगिड 56 मतों से विजयी हुए।



### श्री गुरुजी लाल जांगिड शाखा सभा पांच्यावाला-मीनावाला (जयपुर) के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए

21 जुलाई, 2019 को जिला सभा जयपुर के निर्देशन पर हुए चुनाव में श्री गुरुजी लाल जांगिड सुपुत्र स्व. श्री मूलचन्द जांगिड निवासी 203, श्याम एनक्लेव, पांच्यावाला, सिरसी रोड़, जयपुर (राज.) को निर्विरोध शाखा सभा पांच्यावाला-मीनावाला के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा घोषित किया तथा पद एवं गोपनीयता की शपथ एवं चुनाव परिणाम घोषणा प्रपत्र भी प्रदान किया गया।

सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाने पर समाज बंधुओं व विशेषकर पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम जांगिड, ब्लॉक अध्यक्ष झोटवाड़ा श्री महेश जांगिड, संरक्षक कारपेन्टर एसोसिएशन, श्री रामअवतार पिलवाल, श्री जुगल किशोर जांगिड, श्री मोहन जांगिड सिवाड़ मोड़, श्री गोपाल बिसायती आदि के सराहनीय प्रयास रहे।

चुनावी टीम में मुख्य चुनाव अधिकारी श्री भगवान सहाय जांगिड, चुनाव अधिकारी श्री द्वारका प्रसाद पंवार, उप चुनाव अधिकारी अमरचन्द जी और चुनाव पर्यवेक्षक श्री बाबूलाल जांगिड ने चुनाव प्रक्रिया शांति पूर्वक सम्पन्न कराई। कार्यकारिणी के सभी पदों पर निर्विरोध चुने गए।

### जांगिड विकास समिति दादी का फाटक की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

28 जुलाई, 2019 को जांगिड विकास समिति दादी का फाटक, मुरलीपुरा, जयपुर की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गणपति पैराडाइज, मुरलीपुरा, दादी का फाटक में आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली तथा अध्यक्षता की श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर द्वारा। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान थे।

मंचासीन अतिथियों में श्री रविशंकर शर्मा, श्री लखन शर्मा, श्री घनश्याम पंवार, श्री चन्द्रदत्त जांगिड पूर्व समिति अध्यक्ष दादी का फाटक एवं नवनिर्वाचित समिति अध्यक्ष श्री कैलाश चन्द्र जांगिड एवं प्रदेश प्रभारी राजस्थान श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) आदि थे।

सर्व प्रथम भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि एवं समारोह अध्यक्ष तथा समिति अध्यक्षों द्वारा पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह को प्रारंभ किया।

मंचासीन अतिथियों को मोतियों की माला, दुपट्टा एवं शॉल ओढ़ाकर, साफा बंधवाकर तथा प्रतीक चिह्न भेंट कर समिति अध्यक्ष श्री कैलाश चन्द शर्मा, श्री चन्द्रदत्त जांगिड एवं पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

श्री चन्द्रदत्त जांगिड पूर्व समिति अध्यक्ष द्वारा अपने उद्‌बोधन में कहा कि यह मेरा विदाई समारोह नहीं बल्कि मेरी तीन वर्षीय जिम्मेदारियों का निर्वहन मैंने किस प्रकार किया इसका उल्लेख महासभा प्रधान, प्रदेशाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष एवं सभी समाज बंधुओं के समक्ष करना है। आपने कहा कैलाश जी (साली वाले) ने मेरे कार्यकाल में मुझे पूरा सहयोग प्रदान किया। आपने कहा कि हमने सदैव हिसाब-किताब में पारदर्शिता रखी। चाय-नाश्ता भी समिति की ओर से नहीं किया गया तथा कई महिनों पहले समारोह की तैयारी में जुट जाते थे। ईंधन, पेट्रोल आदि का खर्च स्वयं की ओर से किया। हमने जो शेष राशि छोड़ी है वह अगले कार्यक्रम में काम आएगी। कहीं भी चंदा समिति द्वारा नहीं दिया गया, बल्कि अपनी तरफ से ही दिया। भामाशाह हमने बाहर से तलाश किए, जहाँ से हमें 51000/-, 71000/- एवं 1,00,000/- रुपए की बड़ी राशियां प्राप्त हुईं। हमारे कार्यों को देखकर 51000/-रु. की राशि को 71000/- रु. बढ़ाकर हमें प्रदान की गई। अगली बार भी अतिथि बाहर से ही तलाश करेंगे। विश्वकर्मा कथा में जल प्रबंधन की हमारी समिति द्वारा व्यवस्था की गई। समिति द्वारा सम्मान समारोह किया गया, जिसमें सभी का सम्मान किया गया तथा समाज ने समर्पण भाव से हमारा सहयोग किया। जांगिड विकास समिति का नाम मीडिया में खूब आया। समारोह में पूरी टीम मेरे साथ खड़ी थी। इस वजह से समारोह सफलता पूर्वक एवं गरिमामय हुआ। आगे भी मैं समिति को अपनी ओर से पूर्ण सहयोग देने का प्रयास करूंगा। हो सकता है जाने-अनजाने में व समिति हित में कई कड़वे फैसले लेने होते हैं तब ईंसान होने के नाते कोई गलती हो गई हो तो क्षमा चाहूंगा। मैं इन लोगों का भी यहाँ नाम लेना चाहूंगा, जिन्होंने मुझे पूर्ण सहयोग दिया। श्री वेद कुमार जी, भगवान सहाय जी, श्री मनोहर लाल जी दूरदर्शन, श्री चन्द्रकान्त जी शर्मा, श्री कैलाश शर्मा (साली वाले), श्री छगन लाल जी प्रवक्ता मैं आप सभी के सहयोग से गौरवान्वित हुआ। स्मारिका का भी प्रकाशन करवाया गया।

श्री चन्द्रदत्त जांगिड पूर्व अध्यक्ष का माल्यार्पण, दुपट्टा, शॉल व साफा बंधवाकर अतिथियों व समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री कैलाश चन्द्र शर्मा (आर.के. फर्नीचर) का भी माल्यार्पण, दुपट्टा, शॉल एवं साफा बंधवाकर सम्मानित किया तथा महासभा प्रधान श्री रविशंकर शर्मा

(जांगिड) द्वारा आपको पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। श्री वेद कुमार शर्मा द्वारा कहा गया कि मैं सदैव इस समिति के किसी भी कार्य करने को सदैव तैयार हूँ।

श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष द्वारा अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री कैलाश चन्द्र जांगिड एवं उनकी कार्यकारिणी को बधाई दी और कहा हमें इस समिति पर गर्व होता है। प्रति वर्ष सम्मान समारोह व अन्य गतिविधियां आयोजित की जाती रही हैं। समिति के चुनाव सदैव निर्विरोध होते हैं जो दर्शाता है कि समिति में संगठन है, अनुशासन है। समिति सदैव सबमें अपनी कार्यशैली की वजह से अग्रणी रही है।

श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) महासभा प्रधान द्वारा अपने अभिभाषण में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री कैलाश चन्द जांगिड एवं उनकी कार्यकारिणी को बधाई दी। किसी संस्था द्वारा समाज हित के कार्यों को करने के लिए धन खर्च करना होता है। शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देने वाले इस कार्यक्रम के आयोजन के नाम से ही इस समिति की जयपुर ही नहीं, राजस्थान बल्कि देश में पहचान बनी है। आशा है भविष्य में भी यह समिति इसमें चार चांद लगाते हुए इसी प्रकार इन कार्यक्रमों को करती रहेगी। पुन: श्री कैलाश चन्द्र जांगिड एवं कार्यकारिणी का इस भव्य कार्यक्रम के आयोजन पर धन्यवाद देता हूँ।

श्री लखन शर्मा, श्री घनश्याम जी, श्री हरिशंकर जांगिड, श्री नन्दलाल जी खण्डेला, श्री रामअवतार पिलवाल आदि द्वारा नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

श्री घनश्याम जी जिलाध्यक्ष जयपुर द्वारा अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि इस जांगिड विकास समिति दादी का फाटक की प्रशंसा करने के लिए शब्द ही कम पड़ते हैं। दूसरी संस्थाओं को भी इस समिति के समारोह आयोजनों से प्रेरणा लेनी चाहिए। राजस्थान में यह एक मात्र समिति है जो इतना भव्य कार्यक्रम इतने अच्छे तरीके से करती है। मैं चन्द्रदत्त जी एवं उनकी कार्यकारिणी को धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने जांगिड समाज को गौरवान्वित किया है।

श्री कैलाश चन्द्र जांगिड एवं उनकी नवगठित कार्यकारिणी भी अपनी कार्यकाल में इसमें दो कदम आगे ही चलेगी ऐसी अपेक्षा रखता हूँ। कोई भी अध्यक्ष बने पूरी समिति उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करती है। समिति में पहली बार समाज कल्याण मंत्रालय भी बनाया है तथा उनको भी शपथ दिलवाई गई। कार्यकारिणी में महिलाओं ने भी शपथ ली, जिसमें बबीता जांगिड एवं निशा जांगिड सम्मलित हैं।

मंच संचालन श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) एवं श्री चन्द्रकान्त शर्मा (कुमार स्टूडियो) द्वारा किया गया।

श्री चन्द्रदत्त जांगिड पूर्व अध्यक्ष समिति द्वारा अपने कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धगणों में श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री राहुल शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, श्री कैलाश जी आलीसर मंत्री प्रदेश सभा, श्री नरेन्द्र देव शर्मा कोषाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री सुशील कुमार शर्मा पार्षद विद्याधर नगर, श्री सुरेन्द्र कासलीवाल उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री महेन्द्र खुडाणिया, श्री राधेश्याम चिचावा कार्यालय मंत्री महासभा, श्री रामजीलाल जांगिड संगठन मंत्री महासभा, श्री भगवान सहाय जी रींगस, श्री मनोहर लाल शर्मा दूरदर्शन, श्री राधेश्याम जी सीलक, श्री बाबूलाल जांगिड जिलाध्यक्ष कारपेन्टर एसोसिएशन विधान सभा क्षेत्र विद्याधर नगर, श्री रामचरण बोदल्या पूर्व अध्यक्ष जां.वि. समिति शास्त्री नगर, श्री गजानन्द जी गोगोरिया अध्यक्ष ढेहर का बालाजी समिति, श्री राम विलास जांगिड साकेत पब्लिक स्कूल, श्री रामअवतार जी दूरदर्शन, श्री मनोज जी एडवोकेट, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे एवं श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा आदि कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।

**जां.ब्रा. सामूहिक विवाह आयोजन समिति कोटपूतली द्वारा नि:शुल्क अष्टम् सामूहिक विवाह सम्मेलन 2 अप्रैल, 2020 को होगा**

जांगिड ब्राह्मण सामूहिक विवाह आयोजन समिति कोटपूतली की मीटिंग 1 अगस्त, 2019 को हुई, जिसमें सर्वसम्मति से अष्टम् नि:शुल्क 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन श्री अंगिरा आश्रम परिसर गोकुल सिटी, गोपालपुरा रोड़, कोटपूतली में श्री छीतरमल जांगिड की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। पहले आओ-पहले पाओ का नियम होगा तथा सभी जोड़ों को 10 मार्च, 2020 से पूर्व समिति में पंजीयन कराना होगा। सम्मेलन में नगर पालिका कोटपूतली द्वारा सभी जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा प्रत्येक दुल्हन को 15000/-रु. की राशि प्रोत्साहन स्वरूप राजस्थान सरकार द्वारा दी जाती है, जिसके अन्तर्गत 5000/-रु. तत्काल बैंक खाते में तथा 10000/-रु. की एफ.डी. दी जाती है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र : कैप्टन हेमराज जांगिड संयोजक 9887491234



**अशोक जांगिड (एजीएस) श्री विश्वकर्मा जांगिड समाज सेवा समिति 26 गाँव चोकला मोड़, भट्टा, सोजत सिटी, पाली के पुन: निर्विरोध अध्यक्ष बने**

1 अगस्त, 2019 को हुई मीटिंग में श्री अशोक जांगिड (एजीएस) को सर्वसम्मति से श्री विश्वकर्मा जांगिड समाज सेवा समिति 26 गाँव, चोकला मोड़, भट्टा, सोजत सिटी, पाली को पुन: निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।

श्री अशोक जांगिड अ.भा.जां.ब्रा. महासभा, जिला सभा पाली के जिलाध्यक्ष के पद पर भी वर्तमान में पदासीन हैं।

**विश्वकर्मा मन्दिर वी.के.आई. रोड नं. 2 पर हरियाली अमावस्या को लगाया खीचड़ी बाटी का भोग**

1 अगस्त, 2019 को रोड़ नं. 2, वी.के.आई., जयपुर स्थित श्री विश्वकर्मा मन्दिर में हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य में श्री निवास नगर, रोड़ नं. 6, वी.के.आई., शिव विहार रोड़ नं. 5, वी.के.आई. के समाज बंधुओं द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी के खीचड़ी-बाटी का भोग

लगाया। इस अवसर पर श्री राजेश शर्मा महामंत्री प्रदेश सभा, श्री बाबूलाल बांगिड बासड़ी राष्ट्रीय संगठन मंत्री, श्री बाबूलाल जी आकेड़ा वाले, श्री रामकरण जांगिड बांसा, श्री धन्नालाल जांगिड आदि का विशेष सहयोग रहा। भगवान विश्वकर्मा जी के भजन एवं भजन संध्या का कार्यक्रम श्री कन्हैया लाल जांगिड एवं उनके सहयोगियों द्वारा किया गया, जिसमें श्री सीताराम टटेरा जी उपाध्यक्ष प्रदेश सभा द्वारा भी भगवान विश्वकर्मा जी के भजनों की सुन्दर प्रस्तुतियां दी गई। सायंकाल 51 दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान विश्वकर्मा जी की महा आरती हुई।

इस अवसर पर श्री कैलाश चन्द जांगिड (आर.के. फर्नीचर) नव निर्वाचित अध्यक्ष जांगिड विकास समिति दादी का फाटक का समाज बंधुओं द्वारा माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर एवं साफा बंधवाकर सम्मानित किया गया तथा लगभग 200–250 समाज बंधुओं की उपस्थिति रही, सभी ने भगवान् विश्वकर्मा जी की प्रसादी ग्रहण की।

इस अवसर पर विश्वकर्मा मन्दिर प्रांगण में "श्री विश्वकर्मा जागृति मंच रोड़ नं. 14" द्वारा एक मीटिंग का आयोजन नव निर्वाचित अध्यक्ष घनेन्द्र शर्मा (नायन वाले) की अध्यक्षता में की जिसमें सर्व सम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। पदाधिकारियों में **अध्यक्ष :** श्री घनेन्द्र शर्मा (नायन वाले), **कार्यकारी अध्यक्ष :** श्री मातादीन जांगिड अजीतगढ़, **संरक्षक :** श्री प्रभुदयाल नयाबास, श्री भगवान सहाय धानोता, श्री मदनलाल कंवरपुरा, **वरिष्ठ उपाध्यक्ष :** श्री हनुमान जी गुढा, उपाध्यक्ष : श्री ग्यारसी लाल रतनपुरा, श्री मुकेश जी, श्री किशन जी मऊ वाले, **कोषाध्यक्ष :** श्री रामस्वरूप खटकड़, **महामंत्री :** श्री भागीरथ जी सिहोड़ी, **सांस्कृतिक मंत्री :** श्री कन्हैयालाल जांगिड (भजन गायक), **प्रवक्ता :** श्रीसीताराम टटेरा (उपाध्यक्ष प्रदेश सभा राज.)

इस अवसर पर श्री सीताराम लाडपुरा, श्री सीताराम विजयपुरिया, श्री हनुमान सहाय माचेड़ा, श्री मांगीलाल जांगिड, श्री नरेन्द्र जांगिड, श्री गोपाल बांगिड, श्री रामेश्वर प्रसाद टटेरा पूर्व अध्यक्ष ढेहर का बालाजी, श्री बाबूलाल जांगिड जिलाध्यक्ष विधान सभा क्षेत्र विद्याधर नगर कारपेन्टर एसोसिएशन, श्री सुवा लाल जांगिड उपाध्यक्ष एवं श्री लालाराम जी कोषाध्यक्ष ढेहर का बालाजी, श्री गजानन्द जी गोगोरिया अध्यक्ष समिति ढेहर का बालाजी, श्री धन्नालाल जी, श्री रामअवतार जी दूरदर्शन, श्री बाबूलाल जांगिड (शर्मा इंजीनियरिंग), श्री महेश जांगिड (पावर मेक), श्री मामराज जांगिड, श्री देवदत्त जांगिड, श्री मनोज कुमार एडवोकेट, श्री घीसालाल जी ढेहर का बालाजी, श्री कैलाश जी अध्यक्ष जांगिड विकास समिति, श्री छगनलाल जी प्रवक्ता समिति दादी का फाटक, श्री राधेश्याम जांगिड रोड़ नं. 1, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे सहित सैंकड़ों समाज बंधुओं की उपस्थिति रही।

मंच संचालन श्री सीताराम टटेरा द्वारा किया गया।

### जिला सभा पंचमहाल गोदरा (गुजरात) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

30 जुलाई, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा, प्रदेश सभा गुजरात के सान्निध्य में जिला सभा पंचमहाल गोदरा (गुजरात) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसके अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनारायण जी व उनकी कार्यकारिणी का सफल शपथ ग्रहण सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष गुजरात श्री द्वारका प्रसाद शर्मा तथा मुख्य अतिथि गुजरात प्रदेश प्रभारी श्री मदनलाल शर्मा अहमदाबाद एवं महासभा उपप्रधान श्री जटा शंकर एच शर्मा दमन थे। सम्मानीय अतिथिगणों में श्री राजेन्द्र जी दोसोदिया, मास्टर श्री ग्यारसी लाल जांगिड अहमदाबाद तथा आमंत्रित अतिथियों में श्री भैरू जी जांगिड जिलाध्यक्ष खेड़ा, श्री गोपाल जी शर्मा बड़ोदा, श्री मदनलाल शर्मा डाकोर, श्री सुरेश जी भरूँच, श्री पृथ्वी सिंह जी जांगड़ा भरूँच आदि द्वारा समारोह का शुभारंभ विश्वकर्मा की तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण, पूजा–अर्चना कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

सभी पधारे हुए अतिथियों का माला, शॉल एवं हारमालाओं से स्वागताध्यक्ष श्री सांवरमल जी पूर्व अध्यक्ष द्वारा किया गया। गणमान्य व्यक्तियों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ प्रदेशाध्यक्ष द्वारा दिलवाई गई।

अंत में पूर्व अध्यक्ष श्री सांवरमल जी ने सभी का आभार प्रकट किया। जलपान का अतिथियों एवं पधारे हुए समाज बंधुओं से आग्रह किया तथा समारोह के सम्पन्न होने की घोषणा की।

–जटा शंकर शर्मा (उपप्रधान महासभा)



### जिला सभा नागपुर के श्री विनोद कुमार जांगिड सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष बने

28 जुलाई, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा नागपुर (महाराष्ट्र) के चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें श्री विनोद कुमार जांगिड को सर्वसम्मति से जिला सभा नागपुर का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। श्री मक्खन लाल जांगिड चुनाव अधिकारी के सान्निध्य में चुनाव सम्पन्न हुए तथा उनके द्वारा निर्वाचन की घोषणा की गई।



### जिला सभा झालावाड़ के जिलाध्यक्ष पद पर श्री नरेश कुमार जांगिड निर्वाचित

28 जुलाई, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा झालावाड़ के अध्यक्ष पद पर मतदान हुआ। श्री नरेश कुमार शर्मा सुपुत्र श्री देवीलाल शर्मा (जांगिड) निवासी श्री विश्वकर्मा इन्टरप्राईजेज, झालरापाटन, जिला झालावाड़, चुनाव में कड़ी टक्कर के रहते मात्र 1 वोट से विजयी होकर झालावाड़ जिलाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। उनको 137 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वन्दी झालावाड़ निवासी शंभु दयाल जांगिड को मात्र 1 मत से चुनाव में पिछड़े उनको 136 मत प्राप्त हुए। चुनावी टीम में मुख्य चुनाव अधिकारी श्री मोहनलाल खटवाड़िया, लालचन्द जांगिड प्रदेश उपाध्यक्ष, सुरेश गोगोरिया एवं प्रेम प्रकाश जांगिड गोविन्दपुरा, जयपुर उपस्थित थे। श्री नरेश शर्मा को मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।



**शाखा सभा जगतपुरा (जयपुर) के श्री गजेन्द्र कुमार जांगिड निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित**

28 जुलाई, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा जयपुर की शाखा सभा जगतपुरा के अध्यक्ष पद के चुनाव में श्री गजेन्द्र कुमार जांगिड निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। चुनावी टीम में श्री भगवान सहाय जी चुनाव प्रभारी, श्री द्वारका प्रसाद पंवार पर्यवेक्षक, श्री महेश कुमार जांगिड पांच्यावाला मुख्य चुनाव प्रभारी व जुगल किशोर जी उपस्थित हुए। श्री गजेन्द्र कुमार जांगिड को चुनावी टीम द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।



**प्रमिला गोठड़ीवाल महिला शाखा सभा ब्यावर (अजमेर) की निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित**

28 जुलाई, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा महिला शाखा सभा ब्यावर के अध्यक्ष पद हेतु नामांकन कार्यक्रम विश्वकर्मा भवन, प्रताप नगर, ब्यावर पर सम्पन्न हुए। सबके आपसी निर्णय से केवल एक ही प्रत्याशी ने अपना नामांकन प्रस्तुत किया तथा अन्य दूसरा फार्म नहीं भरा गया। जिला सभा अजमेर की ओर से केकड़ी शहर से पधारे चुनाव मण्डल द्वारा नामांकन पत्र की जांच की गई तथा जांच में सही पाया गया। इस प्रकार चुनावी टीम द्वारा प्रमिला गोठड़ीवाल का एक नामांकन पत्र प्राप्त होने पर महिला शाखा सभा ब्यावर को अध्यक्ष निर्विरोध घोषित किया गया। पूर्व महिलाध्यक्ष रीटा कंवलेचा द्वारा सभी महिला सदस्यों द्वारा एकता का संदेश देते हुए निर्विरोध चुनाव सम्पन्न करवाने हेतु आभार प्रकट किया एवं नवनिर्वाचित महिला अध्यक्ष को बधाई दी। चुनाव अधिकारियों द्वारा नवनिर्वाचित महिला अध्यक्ष प्रमिला गोठड़ीवाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। चुनाव अधिकारियों में श्रीमती दुर्गा जांगिड, श्री अंकिता जांगिड केकड़ी एवं चुनाव पर्यवेक्षक श्री भंवर लाल जी सांवलोदिया केकड़ी के निर्देशन में चुनाव सम्पन्न हुए।

-रीटा कंवलेचा (पूर्व महिला शाखा सभा अध्यक्ष)

**अ.भा.जां.ब्रा. जिला सभा पाली व 26 गाँव चोकला सोजत पट्टी के अध्यक्ष अशोक जांगिड (एजीएस) के नेतृत्व में समाज बंधुओं ने डॉ. समित शर्मा (आईएएस) से की शिष्टाचार भेंट**

6 अगस्त, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा पाली एवं 26 गाँव चोकला सोजत सिटी के अध्यक्ष श्री अशोक जांगिड (एजीएस) के नेतृत्व में 30-35 समाज बंधुओं के दल ने डॉ. समित शर्मा (आईएएस) निदेशक राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम जयपुर से उनके कार्यालय पर पहुँचकर शिष्टाचार भेंट की। इससे प्रभावित होकर डॉ. समित शर्मा भाव विभोर हो गए। उन्होंने समाज बंधुओं को सरकार द्वारा चल रही श्रमिक कार्ड एवं अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

जांगिड ब्राह्मण समाज के समाज रत्न एवं गौरव डॉ. समित शर्मा के लिए माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी ने बजट सत्र के दौरान विधान सभा में इनकी कार्य के प्रति कर्तव्य निष्ठता, ईमानदारी एवं लगन के साथ कार्य करने की कार्यशैली की जमकर तारीफ की थी। आज राजस्थान के साथ-साथ सभी प्रदेशों में नि:शुल्क दवाईयां वितरण प्रारंभ करने में आपकी महत्ती भूमिका रही जिसके फल स्वरूप प्रदेश की जनता को इससे बहुत राहत मिली है।

इस अवसर पर घीसू लाल लिकड़ उपप्रधान महासभा, रामजीलाल संगठन मंत्री महासभा जयपुर, अशोक जांगिड जिलाध्यक्ष पाली एवं अध्यक्ष 26 गाँव चोकला सोजत सिटी, राधेश्याम कींजा, लक्ष्मण अठवासिया, कैलाश, ईश्वरलाल, दुर्गाराम, गोरधन लाल, कालुराम, मोहनलाल, सत्यनारायण, रघुनाथ, मदनलाल, गिरधारी लाल, रामलाल, रतन लाल, श्री अशोक कुमार जिला महामंत्री घनश्याम जी सहित 30-35 समाज बंधुओं ने उपस्थिति दी।

-अशोक जांगिड (एजीएस) जिलाध्यक्ष पाली एवं अध्यक्ष
26 गाँव चोकला सोजत सिटी, पाली

**जांगिड समाज धर्मशाला विकास समिति भन्दे बालाजी (जयपुर) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न**

4 अगस्त, 2019 को जांगिड समाज धर्मशाला विकास समिति भन्दे बालाजी, तह. दूदू, जिला जयपुर (राज.) नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री नन्द किशोर हरसोलिया के नेतृत्व में नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन समाज धर्मशाला भन्दे बालाजी में किया गया।

सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, पूजाकर आरती की गई। मंचासीन अतिथियों में मुख्य अतिथि के रूप में संत श्री श्री 108 श्री सर्वेश्वरदस जी महाराज श्यामगढ़ एवं श्री कैलाश चन्द जांगिड (लोईवाल) प्रसिद्ध उद्योगपति बगरू थे। अतिविशिष्ट अतिथियों में श्री बाबूलाल नागर पूर्व विधायक दूदू, श्री निर्मल कुमावत विधायक फुलेरा तथा अतिथियों में श्री राम जी पंचायत समिति दूदू पूर्व प्रधान, श्री गोपाल लाल पेड़वाल उपाध्यक्ष प्रदेश सभा राज., श्री मदनलाल राजोतिया संरक्षक प्रदेश सभा राज., श्री राधेश्याम मुण्डली उपाध्यक्ष प्रदेश सभा राज., श्री रामेश्वर लाल हरसोलिया उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री नाथूलाल जांगिड तह. अध्यक्ष मौजमाबाद, श्री ताराचन्द गोगोरिया उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री पुरुषोत्तम जी समिति अध्यक्ष जोबनेर, श्री सोहनलाल जाला तह. अध्यक्ष फुलेरा, श्री सुरेश कुमार दायमा महामंत्री तह. दांता, श्री नाथूलाल लावण्डीवाल अध्यक्ष शाखा सभा जोबनेर, श्री जीवनराम जांगिड तह. अध्यक्ष दूदू, श्री छगनलाल जी बून्दवाल उपाध्यक्ष प्रदेश सभा राज. आदि मंचासीन हुए।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। नवगठित कार्यकारिणी को अतिथियों द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

उद्बोधन की कड़ी में अतिथियों द्वारा शिक्षा पर बल दिया तथा विधायक महोदय निर्मल कुमावत ने धर्मशाला के चौक में आर.सी.सी. की छत डलवाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर वृक्षारोपण का अभियान प्रारंभ किया, जिसमें आम, अशोक, अमरूद सहित फलों के पौधे लगाए गए तथा सदैव विशेष त्यौहार, जन्म दिन, शादी की सालगीरह या राष्ट्रीय पर्व हो तब परिवार के प्रत्येक सदस्य वृक्षारोपण अवश्य करे।

अन्त में श्री नन्द किशोर हरसोलिया अध्यक्ष द्वारा सभी आगन्तुक अतिथियों एवं समाज बंधुओं का आभार प्रकट किया तथा सभी को सहभोज के लिए आमंत्रित किया। मुख्य कार्यकारिणी में श्री नन्द किशोर हरसोलिया अध्यक्ष, श्री मन्नालाल कार्यकारी अध्यक्ष, श्री विनोद कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री सुरेश कुमार पेडवाल कोषाध्यक्ष, श्री छीतरमल जी महामंत्री एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

**अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली की भव्य त्रैमासिक मीटिंग एवं मध्य प्रदेश प्रादेशिक सभा की मीटिंग इन्दौर में सम्पन्न**

4 अगस्त, 2019 को इन्दौर (म.प्र.) में ''जलसा बेंक्विट हॉल'' परिसर वेस्ट प्राईज के सामने बाईपास रोड़, इन्दौर में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली की भव्य त्रैमासिक मीटिंग श्री कैलाश चन्द्र बरनेला पूर्व प्रधान महासभा के मुख्य आतिथ्य में तथा श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) प्रधान जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

प्रथम चरण में आयोजित महासभा की मीटिंग में मंचासीन अतिथियों में महासभा के मुख्य संरक्षक श्री भंवरलाल कुलरिया एवं प्रसिद्ध उद्योगपति मुम्बई, श्री अमराराम जांगिड अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उद्योगपति दुबई, श्री रमेश चन्द सीदड़ प्रवक्ता महासभा, श्री गोपाल चोयल अध्यक्ष शिक्षा कल्याण कोष महासभा, श्री लीलूराम शर्मा चेयरमैन सिरोमणी सभा हरिद्वार, श्री अनिल कुमार सी.ए., श्री विद्या सागर जांगिड वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री रामपाल शर्मा उद्योगपति बैंग्लुरु, श्री रघुवीर सिंह आर्य शामली संरक्षक, श्री सुरेश जी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष गोवा, डॉ. मुकेश समलेटी राष्ट्रीय जनगणना प्रभारी, श्री देवकी नन्दन नांगल उपप्रधान अजमेर, श्री मोहनलाल जी दायमा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष महाराष्ट्र एवं संरक्षक, श्री चम्पालाल जी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष महाराष्ट्र, श्री शंकर लाल जांगिड कोषाध्यक्ष महासभा, श्री लादूराम जांगिड प्रदेशाध्यक्ष दिल्ली, श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्री गिरधारी लाल जांगिड प्रदेशाध्यक्ष कर्नाटक, श्री द्वारका प्रसाद शर्मा प्रदेशाध्यक्ष गुजरात, श्री प्रभुदयाल शर्मा प्रदेशाध्यक्ष म.प्र., श्री राधेश्याम शर्मा प्रदेशाध्यक्ष उत्तर प्रदेश, श्री प्रहलाद सहाय शर्मा प्रदेशाध्यक्ष महाराष्ट्र, श्री जोगाराम जोपिंग प्रदेशाध्यक्ष गोवा, डॉ. शेर सिंह जांगडा प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा, श्री रमेश चन्द जी प्रदेशाध्यक्ष उत्तराखण्ड, श्री सुनील जांगिड पूर्व प्रदेशाध्यक्ष गोवा, श्री रामपाल शर्मा, प्रभारी दक्षिण भारत एवं उद्योगपति बैंग्लुरू श्री मिश्री लाल जांगिड प्रदेश प्रभारी महाराष्ट्र, श्री मदनलाल शर्मा प्रदेश प्रभारी गुजरात, श्री आर.पी. सिंह प्रदेश प्रभारी दिल्ली, श्री प्रभु जी बरनेला प्रदेश प्रभारी म.प्र., श्रीमती भारती शर्मा राष्ट्रीय महिला संयोजक महासभा, श्रीमती स्मिता शर्मा महामंत्री महिला प्रदेश सभा राजस्थान, डॉ. शील जांगिड प्रदेशाध्यक्ष महिला मोर्चा हरियाणा, श्री सत्यपाल वत्स पूर्व अध्यक्ष विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट, श्री गंगादीन जी अध्यक्ष विश्वकर्मा मंदिर दिल्ली, श्री प्रदीप शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष म.प्र., श्रीमती गीता शर्मा महिला प्रदेशाध्यक्ष म.प्र. आदि को महामंत्री महासभा श्री चन्द्रपाल भारद्वाज द्वारा मंचासीन करवाया। मंचासीन अतिथियों को बैज लगाया गया तथा भगवान विश्वकर्मा जी की अतिथियों द्वारा पूजा-अर्चना कर सामूहिक आरती का गायन हुआ। आरती श्री महेन्द्र जी द्वारा करवाई गई। नई पहल की शुरूआत करते हुए सम्मान करने की सभी औपचारिकताओं को छोड़कर केवल भगवान विश्वकर्मा जी को ही माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर मीटिंग की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

महामंत्री श्री चन्द्रपाल भारद्वाज द्वारा गत मीटिंग की कार्यवाही रिपोर्ट पढ़ी तथा उसमें दिए गए सुझावों पर सदन में उपस्थित जन समूह द्वारा हाथ ऊठाकर उसका अनुमोदन करवाया।

श्री रमेश सीदड़ द्वारा अपने उद्बोधन में गत मीटिंग का हवाला दिया, जिसमें महा समितियों के गठन के बारे में कहा। पत्रिका की शिकायतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किस प्रकार जां.ब्रा. पत्र समाज तक पूर्णरूपेण पहुँचे। मतदाता सूची का सत्यापन हो, शिकायत निवारण कमेटी का गठन किया जाए तथा हरित क्रान्ति के लिए पेड़ लगाना, पर्यावरण हेतु भी आपने विचार रखे। डिजीटल पत्रिका के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा पर्यावरण स्वच्छता के लिए वाट्सअप एवं साईट द्वारा संदेश पर भी सभी से विचार साझां किया। पेड़ से कागज बनता है अत: हमें वृक्षारोपण करना चाहिए। भारती जांगिड ने पत्रिका डिजिटल का स्वागत किया, यशपाल मेरठ द्वारा कहा गया कि पत्रिका संग्रहालय में भी रखनी चाहिए। श्री बसंत गेपाल एवं ब्रह्मदेव जी ब्यावर द्वारा भी डिजीटलाईजेशन का अनुमोदन किया। इस पर कुछ ने कहा गांवों में डिजीटल पूर्णतया नहीं हो सकती। इस प्रकार इस पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आई। श्री गोपाल चोयल ने शिकायत के लिए एक एप बनाने का सुझाव दिया, जिससे इस समस्या का समाधान 24 घण्टे में हो सकेगा।

महासभा द्वारा साहित्य प्रकाशन की आवश्यकता पर भी श्री सीदड़ ने बताया हम साहित्य का प्रकाशन का प्रयास कर रहे हैं तथा अभी हाल ही में श्री लादूराम जांगिड प्रदेशाध्यक्ष दिल्ली द्वारा 6000-7000 गौत्रावली छपवाई जाएगी, जिसका नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। प्रदेश सभाओं का विस्तार करना है वर्तमान में 15 प्रदेश सभाएं हैं, बाकी प्रदेश सभाओं, पं. बंगाल, बिहार आदि में गठन करना है। छ: प्रदेशों के चुनाव होना है। उन्होंने महासभा चुनाव में प्रत्याशियों की अमानत राशि व वोटर लिस्ट पर प्रकाश डालते हुए कुछ नियमों का हवाला भी दिया तथा एक राशि, प्रधान, प्रदेशाध्यक्ष, जिला सभा, तहसील सभाओं के लिए क्रमश: 21000/-रु., 11000/-रु., 5000/-रु., 2100/-रु. तय किया तथा इसमें से चुनाव खर्च हेतु नाम वापसी पर 50% राशि ही प्रत्याशियों को लौटाई जाए। उन्होंने आचार संहिता पर भी जानकारी दी। संस्थाओं के अध्यक्षों, उम्मीदवारों की आयु की जानकारी, संस्थाओं के पंजीकरण एवं नवीनी करण पर आपने जानकारी दी तथा 100 रु. व 200 रु. वाले सदस्य कहाँ वोट दे सकते हैं इस पर प्रकाश डाला।

महामंत्री श्री चन्द्रपाल भारद्वाज द्वारा सम्पादक मण्डल की सराहना की तथा कहा कि ये एक ऐसी धुरी है, जिसके माध्यम से सामाजिक गतिविधियों का संचार पूरे देश में होता है। आपने कहा प्रदेशाध्यक्ष अपनी रिपोर्ट लिखित में प्रस्तुत करे।

डॉ. शेर सिंह जांगडा प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा द्वारा प्रदेश की रिपोर्ट पेश करते हुए कहा हमारे प्रदेश में वर्तमान में 15000 महासभा सदस्य हैं। हरियाणा पहला प्रदेश है जहाँ विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की शुरूआत हुई। सबसे पहले महिला प्रदेशाध्यक्ष की शुरूआत कर महिला विंग बनाया। युवा विंग की भी प्रदेश में पहली बार हमने ही शुरूआत की जो जिला व ब्लॉक स्तर तक प्रदेश को कार्यरत है। हरियाणा सरकार द्वारा लगभग एक करोड़ की राशि अब तक प्रदान की गई। प्रदेश सभा द्वारा 9 धर्मशालाओं को 11000-11000 रु. की राशि दी गई, जिससे वहाँ लाइब्रेरी का संचालन हो सके। हरियाणा प्रदेश द्वारा त्रैमासिक मीटिंग का आयोजन, श्री विश्वकर्मा जयंति, प्रदेश स्तर पर 26 जनवरी व 15 अगस्त पर आयोजन किए गए। हरियाणा सरकार पर राजनैतिक दबाव भी बनाया जिसका प्रभाव रहा कि मुख्यमंत्री (वर्तमान) ने 2-3 टिकिट समाज को देने का आश्वासन दिया। छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदेश सभा द्वारा दी गई। कोर्ट केसेज में समाज के 5-6 केसों का झगड़ा निपटाया गया। 60 से 62 बच्चों को रोजगार दिलवाया गया। मुण्डका महासभा भवन के लिए 22 लाख की घोषणा की तथा अधिक से अधिक प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। दहेज प्रथा बंद की तथा पर्दा प्रथा भी बंद की। हमें पूर्व प्रधान व वर्तमान प्रधान जी का सदैव सहयोग मिलता रहा।

प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान श्री लखन शर्मा ने कहा कि आज महासभा को 112 वर्ष हो गए, जिसके परिणाम आज आप सबके समक्ष है। महासभा समाज की सबसे ताकतवर संस्था है। 19 महिने पहले मैं 19 महिने पूर्व में प्रदेशाध्यक्ष बना। मंच एवं सदन एक सिक्के के दो पहलू हैं। मंच नहीं तो सदन क्या और सदन नहीं तो मंच का क्या महत्व है। पूर्व प्रधान जी अभी भी उत्साह से एक साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। हमने प्रदेश की प्रथम मीटिंग में ही विश्वकर्मा जी के प्रचार-प्रसार करने का एजेण्डा रखा। श्री गिरधारी लाल जांगिड प्रदेशाध्यक्ष कर्नाटक को बहुत-बहुत धन्यवाद जिन्होंने इस कार्य को हाथ में लिया और भव्य व ऐतिहासिक विश्वकर्मा कथा का आयोजन सम्पन्न करवाया। हमारे जयपुर में भगवान विश्वकर्मा जी के मंदिर में हर अमावस्या को खिचड़ी-बाटी का भोग लगाते हैं। समाज को मीटिंग के दौरान सदन/पाण्डाल को नहीं छोड़ना चाहिए। जिससे हर कहीं गलत मैसेज नहीं जाए। हमने अभी तक 23 जिलों में चुनाव करवाए हैं तथा तहसील सभाओं में भी चुनाव करवाए हैं। हमने हमारी प्रथम कार्यकारिणी की मीटिंग में ही माला-साफा आदि को छोड़ा और आज प्रधान जी ने भी इस मीटिंग में इस प्रक्रिया का त्याग कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया। हमारे प्रदेश में लगभग 35000 सदस्य हैं, जिनमें 15000 मेरे कार्यकाल के दौरान बने तथा महिला प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया है तथा युवा संगठन का भी शीघ्र ही शपथ-ग्रहण का कार्यक्रम होगा। हमने भूमि आवंटन करवाने की प्रक्रिया भी सरकार में प्रारंभ कर दी। सभी जिला एवं तहसील सभाओं के ऑफिस होने चाहिए इसकी शुरूआत हो चुकी है, जिसका उदाहरण श्री बाबूलाल जांगिड सीकर से है, अभी वे सदन में ही विराजमान है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भी हमें मार्ग दर्शन मिल रहा है। चार आईएएस एवं आरएएस अधिकारीगण भी अब कॉन्फिडेंस में हैं कि हमारे पीछे हमारा समाज भी है। 7 जुलाई, 2019 की मीटिंग में हमने एक औद्योगिक मेले का भी आयोजन 5-6 महिने में जयपुर में करने जा रहे हैं, जिसे रोजगार मेला भी हम कह सकते हैं। जो 5 से 6 दिन तक चलेगा। विवाह सम्मेलनों के लिए प्रदेश सभा ने एक गाइड लाईन तैयार की है। जिसकी बचत आर्थिक सहयोग में काम आ सकेगी। सरकारी योजनाओं का लाभ समाज को कैसे मिले इसके लिए भी जागरूकता पैदा की है। इस बार राजस्थान से हमारे विधायक श्री जगदीश चन्द्र जी चुने गए है, जो समाज के लिए गौरव की बात है। प्रदेशसभा भवन का निर्माण कार्य गति से चल रहा है। लगभग 10 हजार वर्ग फुट पर निर्माण कार्य चल रहा है। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं वर्तमान प्रधान श्री रविशंकर शर्मा द्वारा लीजमनी का निपटारा कराया गया। 21 लाख रु. प्रदेश सभा द्वारा मुण्डका भवन के लिए देना है, जिसमें 5 लाख रु. पूर्व में दिया जा चुका है बाकि 16 लाख भी शीघ्र ही समाज से एकत्रित कर महासभा को देंगे। आज व्हाट्सअप पर किसी भी प्रकार के मैसेज लोग भेज देते हैं, आपस में वार्ता पूर्व करने से पहले जो कि बिना सूचित किए ऐसे मैसेज डाल देते हैं, अनुमति लेकर ही डालें अन्यथा उसको एक वर्ष के लिए महासभा द्वारा निष्कासित करें तथा सामाजिक मंचो से उनकी भर्त्सना होनी चाहिए।

श्री शंकर लाल जांगिड कोषाध्यक्ष महासभा द्वारा गत त्रैमासिक का आय-व्यय विवरण का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।

श्री ललित शर्मा आर्टिस्ट जयपुर ने प्रेरक महानुभावों के चित्र बनाकर महासभा प्रधान एवं पूर्व प्रधान व अतिथियों को भेंट किए, जिनमें बाबू गोरधन दास शर्मा (मथुरा), डॉ. इन्द्रमणी शर्मा (लखनऊ), श्री पालाराम शर्मा (पंजाब), श्री डालचन्द शर्मा (उ.प्र.) एवं गुरुदेव जयकृष्ण मणिठिया जी के चित्र सम्मिलित थे। श्री चन्द्रपाल भारद्वाज ने कहा कि पांचों चित्र महासभा भवन में ही लगेंगे जिससे इनकी यादें सदैव हमारे समक्ष रहेगी।

डॉ. शील जांगिड ने भी संगठन को मजबूती देने पर सबसे अपील की, भाईचारा बनाकर रहना चाहिए। हार-जीत कोई मायने नहीं रखता है तथा हमें शिक्षा के प्रति आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि जां.ब्रा. पत्र प्रदेश, जिला तथा तहसील लेवल पर तो 3-3 हार्ड कॉपी में होना ही चाहिए।

श्री मोहनलाल दायमा जी ने कहा सभी प्रधानों ने अपने कार्यकाल में सिढ़ी दर सिढ़ी कार्य किया है। सभी कार्यकारिणी से मैं अपील करूंगा कि महासभा के लिए ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करे और महासभा प्रधान का सहयोग सबको करना चाहिए। त्रैमासिक मीटिंग की जगह प्रत्येक माह मीटिंग प्रदेशाध्यक्षों द्वारा होनी चाहिए। जिसमें वे कोई भी मेटर का अध्ययन भली भांति कर उसको क्रियान्वत कर सके। महाराष्ट्र में 23 जिलों में 21 जिलों के चुनाव हो गए हैं। सभी जिलाध्यक्ष

अच्छा कार्य कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य पुणे शहर में एज्युकेशन हब बनाने का है, जिसके लिए 4 एकड़ भूमि आवंटन का प्रपोजल रखा है।

यशपाल शर्मा मंत्री (उ.प्र.) मेरठ ने कहा समाज अच्छी प्रोग्रेस कर रहा है, जिला सभा एवं शाखा सभाओं का गठन किया जा रहा है। सामाजिक कुरीतियां, मृत्युभोज आदि पर पूर्ण रूपेण पाबंदी लगा दी गई है। महासभा का 11वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिलाध्यक्षों को मनोनीत करने तथा महासभा के सदस्य बनाने का अभियान चला रखा है। ऑन लाईन मैम्बरशिप पर आज कल हम कार्य कर रहे हैं। कोर्ट केसेज के बाद 5-6 केसों को आपसी परामर्श से न्याय समिति द्वारा सुलझाया गया है।

श्री गिरधारी लाल जांगिड कर्नाटक प्रदेशाध्यक्ष द्वारा अपने उद्बोधन में जांगिड ब्राह्मण पत्र की कोस्ट 18 रु. है यह कैसे घटे, क्या फाइनेन्शियल पोजीशन है वर्तमान में। पत्रिका का वितरण, पोस्टल एड्रेस बदलने या पोस्टमैन आदि क्या कारण है कि पत्रिका लोगों तक नहीं पहुँच रही। हमें पत्रिका वितरण के दिन महासभा ऑफिस में जाकर देखना चाहिए। फिर यह सोचना चाहिए कि मुझे पत्रिका क्यों नहीं मिली। इस बात को आप लोगों को गंभीरता से लेना चाहिए। निवारण समिति के साथ-साथ एक अनुशासन समिति भी बनाई जाए। जब हमारे पास पर्याप्त साक्ष्य होने पर ही अनुशासन समिति के समक्ष जाना चाहिए और कड़े फैसले अनुशासन समिति को लेना चाहिए।

मीटिंग की पूर्व संध्या पर महासभा पदाधिकारियों एवं समाज की प्रेस वार्ता भी हुई, जिसमें संदेश दिया गया कि दिल्ली में मुण्डका में महासभा का भवन का निर्माण शीघ्र किया जाएगा। शिक्षा पर, पारिवारिक समन्वय, वृद्धाश्रम तथा कुरुतियों (नशा मुक्ति) आदि से बचें, होनहार बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करने।

श्री गोपाल चोयल द्वारा एक बी.टेक. के छात्र (आईआईटी कानपुर) को महासभा कल्याणकोष से आर्थिक सहायता प्रदान की। पर्यावरण-हरित ऊर्जा के लिए प्रेरित करने आदि का निर्णय लिया गया। यूथ को मोदी जी के स्किल इण्डिया के लिए भी अवगत कराया। श्री अजीत माण्डण एवं श्रीमती भारती शर्मा को क्रमशः राष्ट्रीय यूथ एवं महिला संयोजक बनाया गया है। वाहनों से दुर्घटना होने पर रक्तदान शिविर लगाने आदि के बारे में प्रेस वार्ता में जानकारी दी गई।

पूजा धर्मपत्नी श्री अजय शर्मा एवं पुत्रवधु स्व. श्री बृजकिशोर जांगिड पूर्व प्रधान महासभा ने अपने बेबाक विचार मंच के माध्यम से रखे। हमें ऐसे कार्य करना है जिसमें महासभा को आने वाले सैंकड़ों वर्षों तक याद रखें। इसके लिए अभी युवाओं व महिलाओं को जोड़ने की महत्ती आवश्यकता है।

इस अवसर पर अतिक शर्मा को (जो आज एक करोड़ के पैकेज पर कार्यरत है) होनहार प्रतिभा को सम्मानित किया। प्रदीप जांगडा (एमबीए) इन्दौर का भी सम्मान किया गया। श्री महेन्द्र कुमार जांगिड आईआरएस का भी मंच के माध्यम से सम्मान किया गया।

श्री लादूराम शर्मा दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष द्वारा अपने कार्यकाल की उपलब्धियां बताई, जिसमें दिल्ली प्रदेश द्वारा सतीमठ में 20 कमरों का निर्माण छात्रावास के लिए कराया गया। अभी हाल ही में बांकनेर में बांकनेर स्कूल की शताब्दी वर्ष पर लगभग 21 लाख रु. का खर्च भी श्री लादूराम जी द्वारा वहन किया गया। जिला सभा व 25 शाखा सभाओं का गठन एवं उनका शपथ ग्रहण करवाया गया। आपके कार्यकाल में लगभग 2000 नवीन महासभा के सदस्य बनाए जाने से सदस्यता संख्या 3300 से 5300 हो गई। प्रदेश सभा दिल्ली महासभा के कार्यों के प्रति सदैव सेवा करने को तैयार है। दिल्ली प्रदेश की ओर से 1 करोड़ रुपए की राशि कम से कम महासभा को दी जाएगी।

श्रीमती भारती शर्मा ने महिलाओं के कानून की को जानकारी दी। उन्होंने कहा यदि कोई झूठा आरोप लगाता है तो महासभा उस सदस्य की मैम्बरशिप से छोटी से छोटी महासभा की इकाई से निष्कासित किया जाना चाहिए।

श्री अमराराम जी ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि हमने दुबई में हमारी संस्था द्वारा राजस्थानियों की हर संभव मदद की है। पहले यह हमारी स्वयं की थी, लेकिन अब पूरे जांगिड ब्राह्मण महासभा का नाम होता है। आज महिला शक्ति की उपस्थिति को देखकर लग रहा है भविष्य में महिलाएं आगे आएंगी। मैं महासभा की प्रत्येक मीटिंग में दुबई से आता हूँ तथा अपनी ड्यूटी पूरी करता हूँ। आज विश्व में हिन्दुस्तानी प्रत्येक जगहों पर है, लेकिन राजस्थान वासियों ने भी समाज का नाम शिक्षा के क्षेत्र में, कला में, व्यापार में सदैव ऊपर रखा है। आज स्किल इण्डिया के तहत भी श्री नरसी जी, भंवर जी कुलरिया आदि जुड़े हैं और मोदी के सपने को साकार कर रहे हैं। सरकार भी इनको जोड़ना चाहती है, लेकिन अपने व्यापार को ही समय देने की प्रतिबद्धता जताई।

श्री भंवर कुलरिया जी ने कहा समाज आगे बढ़े, देश आगे बढ़े, अपनो को आगे बढ़ाना है। अच्छा कार्य हो रहा है। समाज में लड़के, लड़कियां अन्य समाज में न जावे इसके लिए कठोर कदम उठाना है। कैलाश जी बरनेला, रामपाल जी ने भी समाज को अच्छा सहयोग दिया है।

श्री रामपाल जांगिड उद्योगपति बैंग्लुरु द्वारा बताया कि मैंने 5 करोड़ की राशि समाज को देने की घोषणा की थी, जिसमें 3.75 करोड़ की राशि मेरे ग्राम में तथा 1 करोड़ 25 लाख रुपए महासभा भवन जो मुण्डका (दिल्ली) में बनाया जा रहा है उसमें एक मंजिल मेरे परिवार की ओर से बनाने के लिए मैंने सहमति सबके समक्ष दी।

श्री कैलाश चन्द्र बरनेला जी ने महासभा भवन को समाज के सहयोग से शीघ्र अति शीघ्र बनाने की बात कही।

श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) द्वारा अपने उद्बोधन में कहा आज आईएएस, आरएएस एवं अन्य अधिकारीगण समाज से जुड़ रहे हैं, क्योंकि अब उनको भी पता लग रहा है कि पूरा समाज उनके पीछे है। इससे इन्होंने मंच पर आना भी प्रारंभ किया। इससे पूर्व में वे कभी मंचों पर नहीं आते थे। अब समाज की दशा व दिशा बदलने का समय आ गया है। सर्वप्रथम श्री पी.डी. शर्मा एवं उनकी कार्यकारिणी को इस भव्य आयोजन करने पर महासभा की ओर से हार्दिक बधाई देता हूँ तथा साथ

ही रतन जी, प्रदीप जी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष म.प्र., प्रभारी म.प्र. श्री प्रभु जी बरनेला एवं नवयुवक मण्डल (महिला मण्डल के सभी कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद देता हूँ। 450 वर्ग भूमि श्री कैलाश जी बरनेला साहब ने भी तथा 17 जुलाई को 450 वर्गगज भूमि दूसरा प्लाट की रजिस्ट्री और हुई, जिसमें आप सभी का सहयोग रहा है ना कि हमारा। आपके सहयोग से लगभग 8 महिनों में भवन तैयार हो जाएगा। सभी कार्यकारिणी की जिम्मेदारी होगी, वो महासभा के सहयोग कूपन लेकर अधिक से अधिक समाज बंधुओं से मिले तथा समाज के प्रत्येक व्यक्तियों का इस भवन में योगदान रह सके और वो गर्व से कह सके हमारा भी इस भवन निर्माण में योगदान था। 15 दिनों बाद वापस कूपन बुक जमा करा दें महासभा को। सभी को इसमें प्रयास करने की आवश्यकता है। आजकल वाट्सअप में इतने निम्न स्तर पर मैसेज आ रहे हैं जो कि समाज के लिए बहुत ही अशोभनीय है। बिना किसी कारण या वजह इस प्रकार झूठे भ्रामक मैसेज भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा सब कुछ ईमानदारी के साथ जो भी आप लोगों ने जिम्मेदारी दी है, उसका निर्वहन कर रहा हूँ। चाय-पानी, खाना, पैट्रोल-डीजल एक रुपया भी महासभा का खर्च नहीं होता है। संस्था व संस्था प्रमुखों पर अनर्गल व निम्न स्तर की बयानबाजी, वाट्सअप करने वाले पदाधिकारी अगर कोई साबित करे मेरे लिए तो मैं आप सबके समक्ष पद छोड़ने में जरा भी विलम्ब नहीं करूंगा। अत: आप सबको ऐसी भ्रांतियों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है **2 अक्टूबर, 2019 को महासभा भवन के निर्माण हेतु मुण्डका (दिल्ली) में प्रात: 11.15 बजे नीव का मूर्हत का कार्यक्रम है, आप सभी सादर आमंत्रित हैं।**

महासभा की त्रैमासिक मीटिंग का स्थान भव्य था। ठहरने की व्यवस्था, चाय-नाश्ता, खाना की सभी ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। मीटिंग हॉल भी सजा-धजा जिसमें पर्याप्त बैठने की सुन्दर व्यवस्था, मंच भी सजा हुआ व अतिथियों से भरा हुआ। पाण्डाल खचा-खचा भरा हुआ तथा मीटिंग बहुत ही सौहार्द पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बहुत से इन्दौर जाने वाले समाज बंधुओं ने श्रावण मास में उज्जैन में महाकाल तथा ऊँकारेश्वर महादेव दोनों शिवलिंगों के दर्शन कर पूजा के भागी बने।

मंच संचालन श्री चन्द्रपाल भारद्वाज महामंत्री महासभा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जयपुर से श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्रीमती भारती शर्मा राष्ट्रीय संयोजिका महिला, श्री राहुल शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राज., श्री शंकर लाल जांगिड कोषाध्यक्ष महासभा, श्री सुभाष जी मुम्बई, श्री बृजमोहन जांगिड उपप्रधान महासभा, श्री प्रहलाद सहाय जी संगठन मंत्री महासभा, श्री रामजीलाल संगठन मंत्री महासभा, श्री राधेश्याम चिचावा कार्यालय मंत्री महासभा, श्री शिवनारायण थानेदार उपप्रधान महासभा, श्री जयनारायण जी, श्री रामअवतार जी चूड़ी वाले उपप्रधान महासभा, श्री भीमराज शर्मा कलाकृति, श्री प्रहलाद जी मेकवैल टूल्स एण्ड गेजेज, श्री सीताराम सीलक, श्री आनन्दी लाल जी पावटा उपप्रधान महासभा, श्री कैलाश जी पावटा उपप्रधान महासभा, श्री राधेश्याम जी तीतरवाड़िया, मोहन मोरीवाल सभी जयपुर से, श्री राकेश जी अलवर, श्री प्रकाश जी बहरोड़, श्री प्रभु दयाल जी सीलक, श्री ख्याली राम जी उपप्रधान खण्डेला, श्री ओमप्रकाश जी ओमकारा ट्रांसपोर्ट कं., श्री योगेन्द्र जी जिलाध्यक्ष ईस्ट दिल्ली, श्री रामकुमार जी सतीमठ, श्री बंशीलाल जी महेन्द्रगढ़, श्री चौथमल जांगिड बांसवाड़ा, श्री गौरी शंकर जांगिड चतरपुरा (जयपुर), श्री गिरधारी लाल जी नागपुर, श्री बृजमोहन जी नागपुर, श्री सत्यपाल वत्स बहादुरगढ़, श्री भंवरलाल जी उपप्रधान नावां, श्री अर्जुन जी उपप्रधान, श्री रामेश्वर जी पांचोता, श्री बसंत गेपाल ब्यावर, श्री ब्रह्मदेव जी ब्यावर, श्री गौरी शंकर कासलीवाल उपप्रधान महासभा अजमेर, श्री बनवारी लाल जांगिड उपप्रधान कोटपूतली, श्री राजेन्द्र जी मारोठिया, श्री कमल जी गोठड़ीवाल, श्री जगदीश जी कंवलेचा, श्री सुधीर जी पंवार, श्री मोहन जी लदौया, श्री ओम जी बरवाड़िया, श्री महेश जी शर्मा, श्री रतन जी पंवार सभी अजमेर से, श्री रामलाल जी, श्री हीरालाल जी, श्री ओमप्रकाश जबलपुर से, श्री ओमप्रकाश जी झुंझुनुं, श्री अंकित जी जबलपुर, श्री हरिराम जांगिड उपप्रधान खण्डेला, श्री रतनलाल जी गढ़तकनेर, श्री रामलाल जी पदमपुरा खण्डेला, श्री शिवराम जांगिड उपप्रधान आसपुरा वाले, श्री धर्मपाल जी फतेहपुरा, श्री दयानन्द जी प्रचार मंत्री महासभा मुम्बई, श्री कैलाश शर्मा उपप्रधान महासभा भोपाल, श्री मूलचन्द जांगिड सवाई माधोपुर, श्री रोहिताश जांगिड उपप्रधान औरंगाबाद, सम्पादक मण्डल में श्री प्रभुदयाल शर्मा सम्पादक जांगिड ब्राह्मण, श्री मनोहरलाल शर्मा सहसम्पादक, श्री जटा शंकर शर्मा सम्पादक दमन, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा, श्री यशपाल जी मंत्री प्रदेश सभा (उ.प्र.) मेरठ, हरियाणा से श्री प्रकाश जी, दौलतराम जी, महेन्द्र सिंह जी जिलाध्यक्ष, खुशीराम जी दारुहेड़ा, जगन्नाथ जी बावल, श्री पतराम जी गुड़गांव, श्री धनराज जी मेहता (गुडगांव), श्री प्रहलाद राय जी रींगस उपप्रधान, श्री बाबूलाल जी उपप्रधान रींगस, श्री पुरुषोत्तम जोबनेर, श्री लक्ष्मीनारायण जी नासिक, डॉ. शील जागड़ा हरियाणा, श्री नानुराम जी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष महाराष्ट्र, श्री रामेश्वर जी उद्योगपति इन्दौर आदि उपस्थित हुए।

द्वितीय चरण में प्रदेश सभा मध्य प्रदेश की कार्यकारिणी की त्रैमासिक मीटिंग हुई, जिसमें नवनिर्वाचित जिलाध्यक्षों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। होनहार प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।



## श्री चिरंजीलाल को प्रदेशसभा कार्यकारिणी में "प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ" पद नियुक्त किया

4 अगस्त, 2019 को चिरंजीलाल सुपुत्र श्री झाबर मल जांगिड निवासी इन्दौर को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा मध्य प्रदेश की कार्यकारिणी में प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ के पद पर श्री प्रभुदयाल जांगिड प्रदेशाध्यक्ष द्वारा नियुक्त किया गया। यह पद उनको सामाजिक सक्रियता, योग्यता एवं अनुभव के आधार पर दिया गया, जो 2019-21 तक का कार्यकाल रहेगा।